


दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान-12



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला-12



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए अमोल पालेकर को मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-13



टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई-14

आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.28
सूर्यास्त 06.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 105, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान बोला- नहीं रोकेंगे युद्ध, ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो करेंगे बड़े हमले

## इजराइल और खाड़ी देशों पर ईरान ने बरसायीं मिसाइलें, कहा-होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।



तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

**बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया**

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

### एयर इंडिया ने बढ़ाया विमान किराया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण विमान ईंधन एटीएफ की कीमतों में तेजी आने पर एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से प्रत्येक घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपये का ईंधन अधिभार लागू करेंगी। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी ईंधन अधिभार बढ़ाया जाएगा। इससे हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। नई अधिभार प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। पहले चरण में, 12 मार्च से घरेलू और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के लिए उड़ानों पर 399 रुपये प्रति टिकट का ईंधन अधिभार लागू होगा।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



**पीठ की टिप्पणी**

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी
- कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।

# एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

- निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

### प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

# केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

**मंत्रिमंडल के अहम फैसले**



- चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार करोबार पेज पर)

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

**निर्णय** — मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

# प्रदेश के अब हर गांव तक पहुंचेगी परिवहन निगम से जुड़ी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू, ओला-उबर एग्रीगेटर को 5 लाख रुपये देकर कराना होगा पंजीकरण

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।

### खतौनी जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

### यूपी में अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से बाइक लूटने की कोशिश

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र के रहपुरा गांव निवासी पवन पुत्र छेदालाल ने बताया कि सोमवार को वह सिकलापुर गांव निवासी प्रेमपाल के घर गए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे घर आते वक्त रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोका और बाइक लूटने की कोशिश की गई। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। बाद में आरोपियों को लेकर जानकारी की गई तो सिकलापुर के एक युवक का नाम पता चला। इसके बाद पूछते हुए उक्त युवक के घर गए और बात करनी चाही। इस दौरान आरोपी ने मारपीट कर धमकाया। नामजद तहरीर मिलने पर पुलिस जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अरसियाबोझ निवासी रवि पुत्र कोमिल प्रसाद ने बताया कि उसकी बहन की शादी 14 मार्च को होनी है। उसके पिता शादी के लिए सामान खरीदने मंगलवार को गांव भोपतपुर निवासी अपने साले मनोज कुमार के साथ बाइक से बरेली जा रहे थे। नवाबगंज मार्ग पर देवहा नदी पुल के पास ट्रैक्टर–ट्राली से आगे निकलने का प्रयास किया, तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर–ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता कोमिल प्रसाद और मनोज कुमार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

### पालेज नष्ट करने वालों पर कार्रवाई

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पुरैना निवासी वीरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने गांव के कलक्टर, टिहुलिया निवासी जयवीर, खिरकिया निवासी रामनरेश व देव कुमार ने गांव टिहुलिया में देवहा नदी के पार तरबूज व खरबूज की पालेज थी, जिसमें फूल आ गया था। 4 मार्च की रात गांव टिहुलिया निवासी वीरेश पाल, राहुल, टिंकू और आदेश ने करीब 20 बीघा फसल उखाड़कर नष्ट कर दी है। जब इसके बारे में पूछा तो आरोपी धमकाने लगे। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।

# अंतिम चरण में काम, कुछ दिन और करना होगा इंतजार

## असम चौराहा पर फ्लाईओवर निर्माणः मार्च के अंत तक हैंडओवर करने की तैयारी में कार्यदायी संस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः असम चौराहा पर जाम के झाम से निपटने के लिए अभी राहगीरों को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। फिनिशिंग, पैचवर्क , रंगाई पुताई कराई जा रही है। मार्च के अंत तक कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार इसे पूरा कर हैंडओवर करने की तैयारी में हैं।



निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास धूल का गुबार। ● अमृत विचार



पूरनपुर रोड की ओर फ्लाईओवर के दूसरी तरफ के हिस्से में निर्माण सामग्री।

शहर के बाहरी इलाके में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए असम चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी मिली थी। 126.94 करोड़ से अधिक लागत से असम हाईवे पर 1.08 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्ष 2022 से कराया जा रहा है। करीब चार साल से फ्लाईओवर का कार्य चल रहा है। कई अड़चने भी आई और देरी होती चली गई। कार्य की शुरुआत में पहले अतिक्रमण रोड़ा बना।

अतिक्रमण हटवाया गया तो बिजली लाइन बीच में आ गई। जिससे काम गति नहीं पकड़ सका था। इसके बाद बिजली लाइन एवं पोल शिफ्टिंग कराई गई। उसके बाद कुछ तेजी आती दिखी लेकिन इसके बाद असम चौराहा स्थित पुलिस चौकी फ्लाईओवर

● **2022 से चल रहा निर्माण, कई अड़चनों से होती गई देरी**

निर्माण की राह में आ गई। हालांकि पुलिस चौकी को हटाने को लेकर कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व से ही प्रयास किए जा रहे थे। फिर असम चौराहे के सामने ही अस्थाई पिकेट बनाया गया और पुलिस चौकी पर खड़े कंडम वाहनों को टाइगर तिराहे के पास शिफ्ट करा दिया गया। एक मंदिर भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराया गया था।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के चलते आ रही दिक्ततों को लेकर शिकायतें व्यापारियों द्वारा रखी गई। इस पर कई बार धीमी गति पर



फ्लाईओवर की बनाई गई सड़क। ● अमृत विचार

नाराजगी जताई गई और फरवरी 2026 तक काम पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। इसकी तैयारी भी कर ली गई लेकिन काम फरवरी माह में पूरा नहीं कराया जा सका। जिसके चलते अब मार्च माह के अंत तक काम पूरा कर फ्लाईओवर हैंडओवर करने की तैयारी है। ऐसे मे अभी असम चौराहा होकर गुजरने वाले राहगीरों को बीस दिन दिक्कत और झेलनी पड़ेगी।

> असम चौराहा फ्लाईओवर का काम लगभग पूरा हो चुका है। फिनिशिंग, पैचवर्क, रंगाई पुताई कार्य कराया जा रहा है। मार्च के अंत तक इसे पूरा कर हैंडओवर कर दिया जाएगा।
>
> **-टीके बनर्जी**, प्रोजेक्ट हेड

### नाकाफी इंतजाम... धूल के गुबार कर रहे सबको परेशान

करीब चार साल से फ्लाईओवर निर्माणाधीन होने से जाम की दिक्कत तो बनी ही हुई है। सर्वाधिक परेशानी लंबे समय से असम चौराहा से सफर करने के दौरान उड़ती धूल से हो रही है। धूल के गुबार राहगीरों ही नहीं आसपास के दुकानदारों को भी मुसीबत बने हुए हैं। खासकर खाद्य पदार्थ की दुकानों पर रखे सामान में भी धूल उड़कर पहुंच रही है। इसकी शिकायतें पूर्व में हुई। अधिकारियों की सख्ती के बाद पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए। पानी का छिड़काव कराया भी जा रहा है लेकिन ट्रैफिक और कार्य को देखते हुए ये सब नाकाफी साबित हो रहा है।



फ्लाईओवर पर रंगाई पुताई करते श्रमिक। ● अमृत विचार

## लकवाग्रस्त मजदूर को मिला नया जीवन

**पीलीभीत,अमृत विचार :** ऊंचाई से गिरने के बाद लकवाग्रस्त हुए 28 वर्षीय युवक को मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल में इलाज मिला। संक्रमण नियंत्रित कर आईसीयू टीम ने मरीज की जान बचाई। दुर्घटना के बाद युवक की रीढ़ की हड्डी की सर्जरी लखनऊ में कराई गई थी, लेकिन सर्जरी के बाद उसे पैराप्लेजिया यानी शरीर के निचले हिस्से में लकवा हो गया। इसके साथ ही शरीर में ग्रेड-4 का गंभीर प्रेशर सोर विकसित हो गया और संक्रमण बढ़ने से हालत बिगड़ गई। अत्यधिक निम्न रक्तचाप और सेप्सिस की स्थिति में उसे मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया। आईसीयू प्रभारी डॉ. अरविंद एम के अनुसार आधुनिक आईसीयू देखभाल, एंटीबायोटिक उपचार और बेडसाइड घाव देखभाल के जरिए मरीज की हालत में सुधार लाया गया। चिकित्सकों ने इलाज के साथ ही परिजनों को घर पर देखभाल के लिए भी प्रशिक्षित किया। उन्हें त्वचा की सुरक्षा, हर दो घंटे में करवट बदलने, क्लीन इंटरमिटेंट कैथेटराइजेशन, पैसिव फिजियोथेरेपी और घाव की नियमित ड्रेसिंग की विधि समझाई गई। मरीज के सामाजिक पुनर्वास पर भी ध्यान दिया गया।

## दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए चलेंगी विशेष बसें

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः**उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 14 और 15 मार्च को होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से विशेष बसों का संचालन किया जाएगा। दरोगा भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जिले में 14 और 15 मार्च को कराई जाएगी। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर सभी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं। जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें केंद्रों में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 2280 अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए आवंटित किए गए हैं। परीक्षा के दौरान भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए इसे दो दिनों में चार पालियों में आयोजित किया जाएगा।

## पंचानन आश्रम पर आयोजित किया जाएगा मतुआ मेला

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचारः** गोयल कॉलोनी रिछोला स्थित श्री श्री शांति हरि पंचानन गोसाई सेवा आश्रम में 16 और 17 मार्च को दो दिवसीय मतुआ मेला आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन श्री श्री हरिचांद ठाकुर के 215 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में होगा। जिसमें महावारुणी स्नान और हरि नाम संकीर्तन प्रमुख आकर्षण होंगे। मतुआ धर्म और बंगाली संस्कृति में महावारुणी स्नान को एक पवित्र और महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। मुख्य दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार 16 मार्च



आश्रम परिसर में मनोकामना सागर। ● अमृत विचार

को सुबह आठ बजे श्री हरि पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसी दिन शाम सात बजे से कोलकाता के मतुआ शिल्पियों द्वारा पूरी रात हरि नाम संकीर्तन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल प्रदान करेगा। दूसरे दिन सुबह 10 बजे से मतुआ धर्म महासम्मेलन

● **मनोकामना सागर में श्रद्धालु करेंगे महावारुणी स्नान**

● **16 और 17 मार्च को होगा कार्यक्रम, तैयारियां पूरी**

होगा। दोपहर 12 बजे मधु कृष्ण त्रयोदशी के शुभ मुहूर्त में श्रद्धालु मनोकामना सागर में महावारुणी स्नान करेंगे।

स्नान के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जय किशन मंडल ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में जिले के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से श्रद्धालु पहुंचेंगे।

करीब पांच हजार भक्तों के शामिल होने का अनुमान है। इसकी तैयारियां कर ली गई है। मतुआ महासंघ की पूरी टीम व्यवस्थाएं संभाल रही है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और विशिष्ट अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के साथ ही उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा होंगे।


पंजाब नैशनल बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

एआरएमबी बरेली, सी-18, बी, प्रथम तल, डी डी पुरम, बरेली।
फोनः 0581-2520446 (फैक्स) ई-मेलः cs8194@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी सूचना**

सिक्यूरिटाइजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंसियल एसेट एवं एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधान नियम 8(6) के साथ पठित, के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी सूचना एतदद्वारा आम जनता को सामान्य रूप से और ऋणियों और जमानतदारों (गारंटर) विशेष रूप से, जिन्होंने नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को बंधक किया है। सुरक्षित लेनदार को चार्ज किया है, बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जे में लिया गया है, बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्रति देयताओं की वसूली हेतु, सम्बन्धित ऋणियों की सम्पत्तियों की नीलामी 'जहां है जैसा है' , जैसा है जो है और जो कुछ भी वहां है के आधार पर नीचे दी गयी तालिका में वर्णित तिथियों को की जायेगी। आरक्षित मूल्य और बकाया राशि का ब्यौरा नीचे दी गयी तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख अंकित की गयी है।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

| क्रम सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणि (यों)/गारंटर का नाम व पता | बंधक संपत्तियों का ब्यौरा/ स्वामी का नाम (संपत्ति का बन्धकर्ता) | ए) सरफेसी एक्ट 2002 के सेक्शन 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि बी) दिनांक.... को बकाया धनराशि सी) सरफेसी एक्ट 2002 के सेक्शन 13(4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति रचनात्मक/ भौतिक/प्रतीकात्मक | ए) आरक्षित मूल्य (रू. लाख में) बी) अग्रधनराशि अग्रधन राशि जमा करने की अंतिम तिथि सी) बोली बढ़त राशि डी) सम्पत्ति आईडी | ए) नीलामी की तिथि बी) ईएमडी की अंतिम तिथि सी) नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीएनबीः हाईवैल्यू, गंगापुर, बरेली श्री मो. आबिद पुत्र अलाबक्श। जमानतकर्ता– श्रीमती खुसनुमा पत्नी मो. आबिद। | आवासीय प्लॉट का साम्यिक बंधक, मालिक मोहम्मद आबिद पुत्र अलाबख्श एवं श्रीमती खुशनुमा पत्नी मोहम्मद आबिद के नाम से जिसका क्षेत्रफल 108.69 वर्ग मीटर, मोह. 201 पशुपति बिहार कॉलोनी, बरेली में स्थित है, विक्रय विलेख के अनुसार, उप रजिस्ट्रार बरेली में बुक नं. 1, जिल्द नं. 9080, पेज नं. 67 से 102, क्रमांक नं. 9842 दिनांक 21.11.2017 को पंजीकृत, चौहद्दीः पूर्वः रास्ता 25 फीट चौड़ा, उसके बाद मकान जावेद मलिक, पश्चिमः संपत्ति अन्य, श्रीमती शकीला आदि, उत्तरः रास्ता 22 फीट चौड़ा, उसके बाद अन्य मकान, दक्षिणः अन्य संपत्ति। | ए) 28.07.2021 बी) 20,17,449.02 + 01.04.2021 से ब्याज व अन्य खर्चे। सी) 08.10.2021 डी) सांकेतिक कब्जा। (डीएम अनुमति प्राप्त)। | ए) रू. 46,60,000 बी) रू. 4,66,000 सी) रू. 20,000 डी) PUNB042262204 | ए) 27.03.2026 बी) 27.03.2026 सी) पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 16:00 बजे |
| 2. | शाखाः स्प्रिंगडेल श्रीमती अंजुम परवीन उर्फ अंजुम फातिमा पत्नी श्री कफील हुसैन। जमानतकर्ता/बंधककर्ताः श्री नसरुद्दीन पुत्र श्री मोहम्मद हनीफ। | आवासीय मकान का साम्यिक बंधक, खसरा नंबर 339, 340, 341 और 345 का भाग, जिसका क्षेत्रफल 152.175 वर्ग मीटर, जगतपुर लाला बेगम परगना तहसील और जिला बरेली में स्थित, जोकि श्रीमती अंजुम फातिमा पत्नी श्री कफील हुसैन के नाम से सब रजिस्ट्रार ऑफिस बरेली में दिनांक 28.04.1999 को पंजीकृत है। चौहद्दीः पूर्वः आराजी जो आज की तारीख में श्रीमती कौसर फातिमा के नाम है, पश्चिमः 20 फीट चौड़ा प्राइवेट रास्ता, उत्तरः जोशी जी की संपत्ति, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा प्राइवेट रास्ता। | ए) 28.01.2025 बी) रू. 32,47,387.86 + 01.01.2025 से ब्याज व अन्य खर्चे। सी) 11.04.2025 डी) सांकेतिक कब्जा। | ए) रू. 65,14,000 बी) रू. 6,51,400 सी) रू. 20,000 डी) PUNB5226102203 | ए) 27.03.2026 बी) 27.03.2026 सी) पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 16:00 बजे |
| 3. | शाखाः पीलीभीत श्रीमती रहनुमा बी पत्नी श्री सिराज अहमद, निवासी 89 मो. मदीना शाह पीलीभीत। | आवासीय संपत्ति का साम्यिक बंधक, जोकि श्रीमती रहनुमा बी पत्नी श्री सिराज अहमद के नाम से, जिसका क्षेत्रफल 251.30 वर्ग मीटर, मोहल्ला देश नगर अंदर चुंगी तहसील व जिला पीलीभीत में स्थित है, जो विक्रय विलेख के माध्यम से उप रजिस्ट्रार पीलीभीत में पंजीकृत है, बही संख्या 01 जिल्द संख्या 8526 पेज नं. 21–58 पर क्रमांक नं. 9500, दिनांक 26/10/2019 को पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः पूर्वः रास्ता 6.10 मीटर चौड़ा, पश्चिमः प्लॉट भुवनेश, उत्तरः प्लॉट विक्रेता, दक्षिणः प्लॉट विक्रेता। | ए) 28.11.2022 बी) 27,29,039.60 + 01.11.2022 से ब्याज व अन्य खर्चे। सी) 10.02.2023 डी) सांकेतिक कब्जा। | ए) रू. 21,57,300 बी) रू. 2,15,730 सी) रू. 20,000 डी) PUNBORBIL2501 | ए) 27.03.2026 बी) 27.03.2026 सी) पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 16:00 बजे |
| 4. | | आवासीय संपत्ति का साम्यिक बंधक, मालिक श्रीमती रहनुमा बी पत्नी श्री सिराज अहमद, जिसका क्षेत्रफल 109.48 वर्ग मीटर, मोहल्ला चंदोई तहसील और जिला पीलीभीत में स्थित है, दिनांक 16/04/2012 को सब रजिस्ट्रार पीलीभीत, विक्रय विलेख बही संख्या 1 जिल्द संख्या 5165 पृष्ठ संख्या 375-396 पर सीरियल नंबर 3150 पर पंजीकृत है, चौहद्दीः पूर्वः रास्ता 15 फीट चौड़ा, पश्चिमः बाग सिद्दीक चौधरी, उत्तरः साबिर का प्लॉट, दक्षिणः मोहम्मद शफी का प्लॉट। | | ए) रू. 7,19,200 बी) रू. 71,920 सी) रू. 20,000 डी) PUNBORBIL2502 | ए) 27.03.2026 बी) 27.03.2026 सी) पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 16:00 बजे |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तेः**
**बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित अन्य शर्तों के अधीन होगीः**

1. संपत्तियां "जहां है " और "जैसा है" और "जो है" के आधार पर बेची जा रही हैं।
2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा की वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर देखें।
5. किसी भी विवाद में ई-नीलामी प्रकाशन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
6. संभावित खरीदार/इच्छुक पक्ष (आईपी/पी एंड एम या अन्य के निरीक्षण के लिए) अधिकृत अधिकारी से मोबाईलः 9794963666 और 7088192919 पर संपर्क कर सकते हैं।
7. टीडीएस बैंक नीति के अनुसार लागू होगा।

स्थानः बरेली | दिनांक 11.03.2026 | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार


## न्यूज डायरी

### ट्रेड डील रद कर किसान को दिलाएं एमएसपी का लाभ




**पीलीभीत,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता राष्ट्रीय आवाहन पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो, प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह हुन्दल की अगुवाई में जमा हुए। इसके बाद तय कार्यक्रम के तहत घुंघचिहाई चौराहा से ट्रैक्टर मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता तहसील पूरनपुर पहुंचे और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अमेरिका के साथ ही की गई कृषि संबंधी ट्रेड डील को तत्काव प्रभाव से रदद करने की मांग की गई। उनका कहना था कि इससे देश के किसानों के हितों को गंभीर नुकसान होने की आशंका है। कहा कि वर्तमान गेहूं खरीद सीजन में सरकारी क्रय केंद्र अधिक संख्या में खोले जाएं। क्रय केंद्र गांवों के बाहर मुख्य मार्गों पर स्थापित हो। जिससे किसान को ऊसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छुट्टा गोवंश की समस्या का भी मुद्दा उठाया। इसका स्थायी समाधान कराने की मांग प्रशासन से की गई। इसके अलावा सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने और किसानों के बिजली व पानी के बिल रद्द करने की मांग की गई।

### भाकियू लोकशक्ति की पंचायत में उठे कई मुद्दे



**पीलीभीत,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की सदर तहसील क्षेत्र स्तरीय मासिक पंचायत तहसील उपाध्यक्ष ओमप्रकाश की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन जिलाध्यक्ष पातीराम कश्यप ने किया। पंचायत के बाद नायब तहसीलदार परितोष द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा गया। मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने कहा कि सरकारी विभाग किसानों की समस्याओं का समाधान करने में लापरवाही बरत रहे हैं। मगर, अब आर–पार की लड़ाई होगी और अभियान चालू किया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों का पांच साल के कार्यकाल का मानदेय खातों में भिजवाने, ग्राम पंचायत उमरसड़ में पंचायत सचिवालय निर्माण में लापरवाही न बरतने, होली के अवसर पर ग्राम मरौरी में वन दरोगा द्वारा ग्रामीणों से की गई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है। इस मौके पर जसपाल सिंह, सोहनलाल वर्मा, ओम प्रकाश, सुरेंद्रपाल, रामलाल, धाराजीत, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।


### लोक अदालत की सफलता के लिए हुई बैठक



**पीलीभीत,अमृत विचार :** चौदह मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए मंगलवार शाम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में बैठक हुई। जिसमें न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत गीता सिंह, पूर्णकालिक सचिव/सिविल जज (सीडि) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश कुमार ने अधिकारियों संग विचार विमर्श किया। समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों/मामलों को चिन्हित कर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सतीश कुमार ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किये जाने के लिए पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। लाभार्थियों को उचित लाभ प्रदान करें, जिससे लोक अदालत का उददेश्य पूर्ण हो सके। बताया गया कि लोक अदालत का उददेश्य आमजन को त्वरित सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें दीवानी वाद, समझौता योग्य फौजदारी वाद, वैवाहिक वाद और पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, बैंक ऋण संबंधी मामले, श्रम विवाद, बिजली, पानी के बिल से जुड़े प्रकरण सहित अन्य मामलों को शामिल किया जाएगा।

### खेत पर जा रहे युवक को पीटा

**दियोरियाकलां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैनियां हिम्मत निवासी विपिन कुमार पुत्र रघुनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ मार्च की रात आठ बजे वह खेत की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पुरानी रंजिश में गांव के कौशल, दुर्वेश, ठाकुरदास ने रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।



**इफ्तार**
बुधवार
सुन्नी : 6:21
शिया : 6:29

**सहरी**
गुरुवार
सुन्नी : 5:02
शिया : 4:53

## शहर में आज

- बेनहर गुरुकुल में जनगणना के संबंध में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।
- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- मंडी समिति में सामूहिक विवाह समारोह सुबह 10 बजे से।
- यातायात पुलिस का चेकिंग एवं जागरूकता अभियान सुबह 11 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर पटरी से काट लिए पेड़, रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** सोंधा से गझाड़ा नहर पटरी के बाईं तरफ खड़े नीम के चार और एक लोई का पेड़ चोरी से काट लिए। जानकारी मिलने पर सींचपाल मोहम्मद आतिफ खां और वन दरोगा मोहम्मद इकबाल ने जानकारी की। लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

### महिला को पीटकर घर से निकालने का आरोप

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में क्षेत्र के गांव उदरहा निवासी हरदेई पुत्री भूपराम ने बताया कि उसकी शादी 29 अप्रैल 2024 को थाना गजरौला के गांव चुड़ैला बंजरिया निवासी श्रीराम के पुत्र रोहित से हुई थी। पति रोहित, ससुर श्रीराम, सास गंगा देवी, जेठ हरिनंदन, ननद शांति देवी, ननदोई जयेंद्र, ननद सुशीला देवी ने अतिरिक्त दहेज में छह लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर 23 दिसंबर 2025 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिसैइया निवासी पूरनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च को उसका पुत्र राजकुमार गांव के ही प्रमोद कुमार के साथ बाइक से बीसलपुर से लौट रहा था। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर धुलाई सेंटर के सामने पहुंचते ही सामने से आ रही ईको ने टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रमोद का इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा है। तीसरा घायल प्रियांशु ईको से गिरा था। पुलिस ने नंबर के आधार पर ईको चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# वैवाहिक बंधन में बंधे 471 जोड़े, 131 मुस्लिम जोड़ों का हुआ निकाह

## सामूहिक विवाह समारोहः जा तुझको सुखी संसार मिले...राज्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने बेटियों को किया गया विदा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

- नवविवाहित जोड़ों को दिए उपहार, मंडी समिति परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम



मंडी समिति में सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद वर-वधू। ● अमृत विचार



विवाह समारोह के दौरान बायोमैट्रिक सत्यापन कराते जोड़े। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर स्थित मंडी समिति परिसर मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह के ऐतिहासिक पलों का साक्षी बना। परिसर को मंडप की तरह भव्य रूप दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 340 नव युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। वहीं 131 मुस्लिम जोड़ों के लिए मौलवियों ने निकाह पढ़ाया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने पुष्प वर्षा का नवयुगल जोड़ों को आर्शीवाद दिया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्यमंत्री समेत डीएम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने नवदाम्पत्य में बंधे जोड़ों को उपहार देकर विदा किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को मंडी समिति परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सदर विधानसभा क्षेत्र के अमरिया ब्लॉक, ललौरीखेड़ा ब्लॉक, नगर पालिका क्षेत्र, नगर पंचायत जहानाबाद, नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा क्षेत्र के वर-वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया। शादी समारोह को लेकर सुबह से ही वर-वधु पक्ष के लोगों के सिलसिला शुरू हो गया।

सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधु के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्यता के चलते अलग पंडाल में काउंटर लगाकर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई। परिसर में आए वर-वधु ने पहले बायोमैट्रिक सत्यापन कराया गया। इसी काउंटर पर जोड़ों को एक कूपन के साथ जयमाला और पगड़ी दी गई। बीएसए रोशनी सिंह समेत अन्य अफसर पहले से ही सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे। भव्य पंडाल में व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न न हो, पंडाल को सेक्टरों में बांटकर व्यवस्था की गई।



समारोह में उपहार देने के दौरान वर-वधुओं के साथ खड़े राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुख, अन्य जनप्रतिनिधि एवं डीएम। ● अमृत विचार

पंडाल में पहुंचे 06-06 वर-वधु को विवाह वेदी पर एक साथ बिठाया। इस बीच राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, ललौरीखेड़ा ब्लॉक अजय सिंह गंगवार, अमरिया ब्लाक प्रमुख निशांत सिंह, पकड़िया नौगांव नगर पंचायत चेयरमैन संदीप कौर, दीपेंद्र सिंह चौहान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि के साथ समारोह स्थल पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ भगवान गणेश को पुष्प अर्पित कर आरंभ कराया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वैवाहिक रस्में शुरू की गई। वहीं दूसरे पंडाल में मौलवियों ने निकाह पढ़ाने की शुरुआत की।

वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्य मंत्री ने ब्लाक प्रमुखों एवं डीएम के साथ पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा कर उनके सुखी जीवन की कामना की। राज्यमंत्री और अफसरों ने बैंड-बाजे के बीच जब पंडाल में हर तरफ पुष्प वर्षा की तो किसी के चेहरे पर मुस्कान तो किसी की खुशी के चलते आंखे भर आईं। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, बीएसए रोशनी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन बिश्नोई समेत समाजसेवी अमृतलाल, संजीव गौर, केसी वर्मा आदि ने भी प्रणय सूत्र में बंधे वर-वधुओं को सुखी दांपत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया।

### एक तरफ मंत्रोच्चारण तो दूसरी ओर निकाह कबूल

मंगलवार को हुए सामूहिक विवाह समारोह में सामाजिक सद्भाव की बयार बही। एक पंडाल में गायत्री परिवार के आचार्यों ने वैदिक रीति से विवाह कराया। हवन में नवदंपतियों की आहुतियों के साथ वैदिक मंत्र और ऋचाएं गूंजी तो माहौल भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गया। धार्मिक क्रियाकलाप के साथ ही नवदंपतियों की हंसी ठिठोली भी गूंज रही थी। सामूहिक विवाह समारोह को लेकर पंडाल को 12 सेक्टर में विभाजित किया गया। समारोह में 70 विवाह वेदियां स्थापित की गई। प्रत्येक विवाह वेदी पर करीब 06-06 जोड़ों को बिठाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोपहर करीब 12 बजे विवाह संस्कार शुरू हुए। समारोह स्थल पर 60 से अधिक गायत्री परिजनों की देखरेख में विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। गायत्री परिवार के लालाराम आचार्य और कंहईलाल वर्मा की देखरेख में वैवाहिक रस्मों की शुरुआत की गई। आचार्यों ने नवदंपतियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। वहीं दूसरे पंडाल में मौलवी मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ा रहे थे। निकाह कबूल है... की गूंज के साथ ही जोड़ों के साथ आए उनके परिवारजनों ने मुबारकबाद दी। मंगलवार को होने वाले सामूहिक शादी समारोह में 505 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाना था। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन बिश्नोई के मुताबिक मंगलवार को 340 हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। वहीं इसमें 131 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से कराया गया। 34 जोड़े विवाह समारोह में नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि बुधवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र समेत नगर पंचायत क्षेत्र और न्यूरिया हुसैनपुर के जोड़ों की सामूहिक शादियां कराई जाएंगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

# मकान का छज्जा गिरने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नेपाल बॉर्डर से सटे गांव महाराजपुर में मंगलवार सुबह निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। छज्जे की चपेट में आने से युवक की गर्दन कट गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



मृतक सूरज।

माधोटांडा क्षेत्र के सटे गांव महाराजपुर निवासी विनोद के घर पर दो कमरों का मकान बनवाया जा रहा था, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका था। मकान के आगे बने छज्जे पर लगाने के लिए स्लैब तैयार की गई थी। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे विनोद का 20 वर्षीय पुत्र सूरज एक राजमिस्त्री के साथ छज्जे की स्लैब को लगाने का काम कर रहा था। उस समय राजमिस्त्री छत के ऊपर खड़ा होकर काम कर रहा था, जबकि सूरज नीचे खड़ा था। इसी दौरान अचानक छज्जा भरभराकर नीचे गिर पड़ा। छज्जा सीधे सूरज के ऊपर आ गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोग व आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस और एसएसबी के जवान भी मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। हादसे के बाद काम कर रहा राजमिस्त्री मौके से भाग निकला। मृतक सूरज दो भाइयों में छोटा था और उसकी तीन बहनें हैं। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

# आरएसएस का होली मिलन समारोह संपन्न

- विभाग संघचालक ओम प्रकाश ने समारोह में सभी को बधाई दी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भजनों के साथ सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मिठाई खिलाई।

विभाग संघचालक ओम प्रकाश ने होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि यह त्यौहार हमें प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार ने कहा कि होली का त्योहार हमें अपने समाज को जोड़ने और एक दूसरे के साथ मिलकर चलने का अवसर प्रदान करता है। भजन टोली में जिला बौद्धिक प्रमुख गगन मिश्रा, मयंक जोशी, सौरभ मिश्रा, ढोलक वाधक प्रेम सिंह रहे। इस मौके पर हरिओम गंगवार, दीपक अग्रवाल, प्रधानाचार्य कुरेन्द कुमार, स्वतंत्र देवल, डालचंद वर्मा, रवि शर्मा, सूर्य वाला, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# सामान लेकर व्यापारी को नहीं दिए रुपये

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सुनगढ़ी पुलिस ने पहले कार्रवाई को टाला
- अब कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** किराना दुकान से 2.68 लाख रुपये का सामान साले-बहनोई ले गए। पहले रुपये अदा करने के लिए टालमटोल की जाती रही। लंबे समय बाद भी रुपये न मिलने पर जब व्यापारी ने दुकान के पास आरोपियों के मिलने पर तकादा किया तो हमलावर हो गए। पहले पुलिस ने जांच के नाम पर कार्रवाई टाल दी। अब कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनगढ़ी थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में मधुबन कॉलोनी के रहने वाले सचिन अग्रवाल ने बताया कि उनकी मंडी गेट पर किराना की दुकान है। गजरौला क्षेत्र के ग्राम अटकोहना निवासी वेगराज पुत्र लालता प्रसाद गांव में ही किराना की दुकान चलाता है।

वह पीड़ित की दुकान से सामान उधार ले जाया करता था। आरोपी के साथ उसका साला बरेली जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी संजय पुत्र डालचंद कश्यप भी दुकान पर बैठता था। उधार दिए सामान की रकम 2.68 लाख रुपये हो गई। तब तकादा किया गया तो टालमटोल शुरू कर दी गई।

20 नवंबर 2025 को दोनों आरोपी मंडी गेट के पास मिले तो उधार के रुपये मांगे। इस पर दोनों ने गाली गलौज कर धमकाना शुरू कर दिया। दोनों हमलावर हो गए। उस वक्त सुनगढ़ी पुलिस से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। दोनों आरोपियों से खुद की जान को खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

# मच्छरों से बचाव के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक की मौजूदगी में जिला मलेरिया इंस्पेक्टर ने बैठक लेकर ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के बारे में बताया। जिला मलेरिया इंस्पेक्टर राजकुमार ने कहा कि मौसम के बदलाव के साथ-साथ गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। इससे मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है।

प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी का यह दायित्व बनता है, कि वह अपने क्षेत्र में पहुंचने के बाद ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के प्रति सजग करें। ग्रामीणों को बताएं कि वह अपने घरों के आसपास या घर के अंदर गंदा पानी गड्ढे में गंदा पानी एकत्र न होने दें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरी आस्तीन के कपड़ों को पहनें। जिससे मच्छरों से जनित बीमारियों से बचाव हो सके। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने भी विचार रखे। बैठक में चीफ फार्मासिस्ट शशि भूषण, फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में गर्भवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मृतका के पिता ने पति समेत ससुरालियों पर लगाया आरोप

**अमृत विचार :** इलाज के दौरान जिला अस्पताल में एक गर्भवती की मौत हो गई। साथ ही गर्भ में पल रहे नवजात की भी मौत हो गई।

इस मामले में मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। शव को अपने गांव ले जाने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस से जानकारी जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम को भिजवाया है। मृतका के पिता ने पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। न्यूरिया क्षेत्र के गांव पंडरी निवासी रामपाल ने बताया कि उन्होंने अपनी 23 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी तीन साल पहले गांव के ही धर्मवीर के साथ की थी। सोमवार रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। साथ ही उसके गर्भ में पल रहे सात माह के शिशु की भी मौत हो गई।

आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग चांदनी के साथ मारपीट करते थे और गर्भवती होने के बावजूद उसका इलाज नहीं कराया। इससे उसकी स्थिति बिगड़ती चली गई। बेटी की तबियत खराब होने की सूचना मिलने पर जब वे उसके घर पहुंचे, तब उन्होंने स्वयं उसका इलाज शुरू करवाया। क्योंकि उसके पति ने इलाज कराने से मना कर दिया था।

सोमवार रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में चांदनी की मौत हो गई, इसके बाद परिजन शव को लेकर अपने गांव पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी होने पर सीओ सदर नताशा गोयल मौके पर पहुंची, उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसओ सुभाष मावी ने बताया कि महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों ने मारपीट और इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

# मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगे पर्चा और दवा काउंटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के साथ बढ़ती बीमारियों के कारण मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रोजाना दो हजार से अधिक पर्चे बनने के चलते अस्पताल में लंबी कतारें लग रही हैं। मरीजों को राहत देने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पर्चा और दवा वितरण काउंटरों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही दो-तीन दिन में 200 बेड का नया अस्पताल शुरू करने की तैयारी चल रही है। जहां इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।



मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर पर लगी मरीज व तीमारदारों की भीड़। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल से संबद्ध मेडिकल कॉलेज में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बदलते मौसम के चलते सर्दी, जुकाम, बुखार समेत अन्य बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में ओपीडी में पहुंच रहे हैं। वर्तमान में रोजाना करीब दो हजार से अधिक मरीजों के पर्चे बन रहे हैं, जिसके कारण पर्चा और दवा काउंटरों पर लंबी कतारें लग जाती हैं। अस्पताल में फिलहाल दो ही पर्चा काउंटर संचालित हैं, जिनमें एक पुरुष और एक महिलाओं के लिए निर्धारित है। सीमित काउंटर होने के कारण मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करने में काफी समय लग जाता है। इस समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने पुरुष और महिला वर्ग के लिए एक-एक अतिरिक्त पर्चा काउंटर खोलने की योजना बनाई है।

इसी तरह दवा वितरण की व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। वर्तमान में पुरुषों के लिए दो काउंटर संचालित हैं, जिनमें बुजुर्ग और युवाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था है, जबकि महिलाओं के लिए सीमित काउंटर हैं। नई व्यवस्था के तहत पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए एक-एक अतिरिक्त दवा काउंटर बढ़ाए जाएंगे।

इससे मरीजों को दवा लेने में होने वाली परेशानी काफी हद तक कम हो सकेगी। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि काउंटरों की संख्या बढ़ने से भीड़ का दबाव कम होगा और मरीजों को जल्दी पर्चा व दवाएं मिल सकेंगी। खासकर बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार मरीजों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही मेडिकल कॉलेज परिसर में तैयार 200 बेड का नया अस्पताल भी जल्द शुरू होने जा रहा है। प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और उम्मीद है कि दो से तीन दिन के भीतर इस अस्पताल में भी मरीजों के लिए सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। इससे ओपीडी और वार्डों में मरीजों का दबाव कम होगा और इलाज की व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी।

> मौसम में बदलाव के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पर्चा और दवा काउंटर बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों से बात की गई है। जल्द ही नए काउंटरों पर सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। साथ ही दो से तीन दिन के भीतर 200 बेड अस्पताल भी शुरू करने की तैयारी है। -**डॉ. संगीता अनेजा प्राचार्य**, मेडिकल कॉलेज

# जंगली हाथियों ने गेहूं की फसल उजाड़ी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- किसानों ने बमुश्किल खदेड़ा, वन विभाग की टीम ने किसानों से सतर्क रहने को कहा

**अमृत विचारः** जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात हाथियों ने माला रेंज से सटे इलाके में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया। रखवाली करने वालों द्वारा शोर मचाने पर तमाम किसान एकत्र हो गए। बमुश्किल किसानों ने हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। वन विभाग की टीम ने किसानों से जानकारी लेने के साथ उन्हें सतर्क रहने की बात कही है।



पौरखास में जंगली हाथियों द्वारा रौंदी गई फसल को देखते किसान। ● अमृत विचार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटे गांवों में पिछले दो माह से जंगली हाथियों की सक्रियता बनी हुई है। जंगल में डेरा जमाए हाथी जंगल किनारे खेतों में अब तक कई एकड़ कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। कृषि फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हाथी जंगल सीमा पर लगी जाल फेंसिंग को भी क्षतिग्रस्त चुके हैं।

इधर बीती रात गजरौला क्षेत्र के गांव पौरखास की सीमा में पहुंचे हाथियों ने कश्मीर सिंह पुत्र दलीप सिंह के खेत मे खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला। हाथियों की आने की भनक जब खेत की रखवाली करने वालों को लगी तो उन्होंने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। इस पर आसपास के किसान मौके पर एकत्र हो गए। इन किसानों ने शोर-शराबा कर बमुश्किल हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। इधर सूचना पर माला रेंज की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों द्वारा किए गए नुकसान को देखा।

टीम ने किसानों से सतर्क रहने की अपील की है। किसान कश्मीर सिंह के पुत्र बलजीत सिंह ने बताया की रात मे जंगली हाथियों द्वारा गेंहू की खड़ी फसल को खासा नुकसान पहुंचाया गया है। जंगली हाथी लगातार क्षेत्र में आकर नुकसान पहुंचना रहे हैं। वन विभाग को इन जंगली हाथियों की रोकथाम को लेकर कोई ठोस इंतजाम करने चाहिए। इस संबंध में वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि टीमों द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है। हाथियों को जंगल में रोकने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# चौकी के पास दिनदहाड़े सेवानिवृत्त शिक्षक से लूट

## कार में लिफ्ट देने के बहाने बैठाया, लूटकर दिया धक्का

संवाददाता, पीलीभीत/ललौरीखेड़ा

● जहानाबाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बीते दिनों हुई लूट की घटनाओं का जहानाबाद पुलिस खुलासा करने में सफल हो नहीं सकी है। इधर, दिनदहाड़े एक और वारदात को अंजाम देकर अपराधियों ने नई चुनौती दे डाली। ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी से करीब एक किमी की दूरी पर दिनदहाड़े सेवानिवृत्त शिक्षक से नकदी और मोबाइल लूट लिया गया।


श्याम बिहारीलाल।

जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में ग्राम कनाकोर निवासी श्याम बिहारी लाल ने बताया कि वह सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। नौ मार्च को सुबह करीब 11 बजे खमरिया पुल स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से उन्होंने 20 हजार रुपये निकाले। इसके बाद नजदीक में ही जनसेवा केंद्र से तीन हजार रुपये और निकाले। इसके बाद पीलीभीत जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठने जा रहे कि सफेद रंग की कार आकर रुकी।

कार चालक ने उनसे कहा कि वह उनका छात्र रहा है और भलीभांति परिचित है। ये भी कहा कि अमरिया में तैनाती के दौरान उसे पढ़ाया था। बातों में फंसाकर लिफ्ट देकर पीलीभीत छोड़ने की बात कही गई। वह कार में बैठ गए। कुछ दूर चलने के बाद कार में 3 लोग और सवार हो गए। जतीपुर नर्सरी के आगे से चालक ने कार अचानक शिवपुरिया गांव की तरफ मोड़ दी। छोटी नहर पुलिया के पास कार को रोक दिया। फिर चारों आरोपियों ने पकड़ लिया और जबरन 23 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। इसके बाद धक्का देकर कार से गिरा दिया और पीलीभीत की तरफ भाग गए। उन्होंने परिवार वालों और ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी पहुंचकर सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात कार सवार 4 बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल टीम कर रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

### सुरागरसी से अधिक घटना छिपाने पर जोर

ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी के नजदीक वारदात को अंजाम देकर कार सवार बदमाश भाग गए। इधर, सूचना मिलने के बाद भी चौकी पुलिस पूरी घटना को छिपाने के लिए अधिक जद्दोजहद करती रही। बदमाशों का पता लगाने के लिए सुरागकसी करने पर अधिक ध्यान नहीं दिया। जबकि पूर्व में हुई लूट की घटनाओं का भी खुलासा नहीं हो सका है। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी चौकी पुलिस घटना से अनभिज्ञता जताते हुए नजर आई।

### तो शिक्षक से परिचित था एक अपराधी!

सेवानिवृत्त शिक्षक से हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाहरी प्रतीत नहीं हो रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, वाह चालक को उनके शिक्षक होने के साथ ही अमरिया में तैनाती के बारे में भी जानकारी रही थी। लूट करने से पहले किसी से जानकारी जुटाई गई या फिर कुछ और। फिलहाल अचानक लूट वाले के लिए जानकारी जुटाना आसान नहीं माना जा रहा है। एफआईआर के बाद पुलिस पड़ताल कर रही है

# ट्रेनों की रफ्तार में नहीं बनेगा किसी तरह का रोड़ा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** रेल महकमा अब आबादी वाले क्षेत्रों और संवेदनशील मार्गों पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहा है। आवारा पशुओं के कारण होने वाली रेल दुर्घटनाओं और परिचालन में आने वाली बाधाओं को रोकने के लिए तार फेंसिंग कराने की शुरू तैयारी कर दी है। बरेली से आए अधिकारियों ने पीलीभीत के स्थानीय रेल अधिकारियों के साथ मुख्य रेलमार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। मंडल वरिष्ठ यातायात निरीक्षक धीरज कुमार और सेक्शन इंजीनियर रवि शुक्ला ने आरपीएफ इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार के साथ बरहा रेलवे क्रॉसिंग से बिलगवां रेलवे क्रॉसिंग तक का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने उन स्थानों को चिन्हित किया जहां से सबसे ज्यादा पशु ट्रैक पर आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक निरीक्षण के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर चिह्नित स्थानों पर जल्द ही तार फेंसिंग का कार्य शुरू होगा। बताते हें कि आबादी वाले स्थानों पर रेल ट्रैक के दोनों ओर करीब चार किमी लंबी तार फेसिंग कराई जाएगी। इसके साथ ही रेल प्रशासन ने किनारे रहने वाले ग्रामीणों को मवेशियों को ट्रैक से दूर रखने के प्रति भी जागरूक किया।

# इंटर में एक विषय में मिलेगा अंक सुधार का मौका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● एक विषय में कम अंक आने या पेपर छूटने पर दोबारा दे सकेंगे परीक्षा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को बड़ी राहत देते हुए इंप्रूवमेंट परीक्षा की सुविधा देने का फैसला किया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद छात्र-छात्राएं किसी एक विषय में कम अंक आने या परीक्षा छूट जाने की स्थिति में दोबारा परीक्षा देकर अपने अंक सुधार सकेंगे। इस निर्णय की जानकारी मिलते ही इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों में खुशी है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर नियमों में बदलाव कर रहा है। इसी क्रम में अब इंटरमीडिएट के छात्रों को भी इंप्रूवमेंट परीक्षा का अवसर देने की तैयारी की गई है। यह नई व्यवस्था आगामी शैक्षिक सत्र से लागू की जाएगी, जिससे बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। अब तक इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए केवल स्क्रूटनी की सुविधा उपलब्ध थी। इसके तहत परीक्षार्थियों अपनी उत्तर पुस्तिका के पुनः मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते थे, लेकिन उन्हें दोबारा परीक्षा देने का मौका नहीं मिलता था। कई बार किसी कारणवश एक विषय की परीक्षा छूट जाने या अपेक्षा से कम अंक आने पर परीक्षार्थियों को निराश होना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद छात्र-छात्राएं किसी एक विषय में अंक सुधारने के लिए इंप्रूवमेंट परीक्षा दे सकेंगे। इससे उन परीक्षार्थियों को राहत मिलेगी जो बीमारी या अन्य कारणों से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट में इंप्रूवमेंट परीक्षा शुरू होना परीक्षार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उन्हें अपने अंक सुधारने का अवसर मिलेगा। बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल में घोषित होने के बाद परीक्षार्थी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अभी मुख्यालय पर आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

### यूपी बोर्ड में अब तक लागू थी यह व्यवस्था

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2020 में इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा की व्यवस्था लागू की थी। इसके तहत यदि कोई परीक्षार्थी एक विषय में फेल हो जाता था तो वह केवल उसी विषय की कंपार्टमेंट परीक्षा देकर पास हो सकता था। इससे पहले ऐसी स्थिति में परीक्षार्थियों को सभी विषयों की परीक्षा दोबारा देनी पड़ती थी। हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट की सुविधा पहले से लागू है, लेकिन इंटरमीडिएट में अब तक इंप्रूवमेंट परीक्षा की व्यवस्था नहीं थी।

# प्लेटफार्म एक पर श्रद्धालुओं के लिए बनेगा अस्थाई शेड

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मां पूर्णागिरि मेले को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन मुस्तैद है। मंगलवार को इज्जतनगर मंडल की एडीआरएम एवं डीसीएम ने स्टेशन परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए।

उत्तराखंड के चंपावत जिले में पूर्णागिरि धाम पर मेला शुरू हो चुका है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पीलीभीत होकर ही मेले में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर रेल महकमे की ओर दो मेला स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर अन्य व्यवस्थाएं भी दुरुस्त की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। मंगलवार को एडीआरएम मनोज कुमार और डीसीएम निमिता ने पीलीभीत जंक्शन का निरीक्षण किया। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म एक पर अस्थाई शेड बनाने का निर्णय लिया है। एडीआरएम ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खाली जगह को चिह्नित कर वहां जल्द से जल्द शेड लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पेयजल, बैठने की व्यवस्था और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट जैसे संसाधनों को बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान रेल अधिकारियों ने न केवल यात्री सुविधाओं को देखा, बल्कि रेलवे कार्यालयों और परिसर की स्वच्छता का भी जायजा लिया और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

# अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में मेधावी पुरस्कृत


छात्रा को पुरस्कृत करते प्रबंधक और प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम बांटा

**अमृत विचार:** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कक्षा नौ और कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणामों को वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी पुरस्कृत किए गए।

कक्षा नौ रेड में कर्तव्य शर्मा एवं अंशुमान सिंह, कक्षा नौ ब्लू में कोमल वर्मा, कक्षा नौ ग्रीन में सूर्यांश स्वरूप दीक्षित, कक्षा नौ ऑरेंज में एम. फुज़ैल, कक्षा 11 रेड में वर्षा शर्मा, पर्पल में दक्ष जायसवाल, ब्लू में नेहा मौर्य, ऑरेंज में रमनप्रीत कौर, ग्रीन में प्रतीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों को विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी शिक्षक दीपक पाठक, आशीष मनराल और मोहित तिवारी ने दी। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सदैव प्रोत्साहित करें और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें।

# पहले चरण में 36 फील्ड ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जानकारी देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।


जनगणना 2027 को लेकर शुरू हुए प्रशिक्षण में मौजूद फील्ड ट्रेनर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनगणना-2027 को लेकर फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। प्रशिक्षण बेनहर गुरुकुल में मंगलवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने फीता काटकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रथम चरण में 36 फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोनों चरण में कुल 72 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण किया जाएगा।

बताया कि प्रथम बैच का प्रशिक्षण 10,11,12 मार्च एवं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 13,14 एवं 16 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण में प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण एवं मकानों की गणना के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के उद्देश्य, कानूनी प्रावधानों और मकान सूचीकरण के सैद्धांतिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल का उपयोग एवं प्रगणकों को डेटा फीड करने के लिए तकनीकी बारीकियों को समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड वर्क का अभ्यास, मॉक एक्सरसाइज और अंत में शंका समाधान किया जाएगा। फील्ड ट्रेनर द्वारा अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बता दें कि जनपद में जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाएगा।

प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं द्वितीय चरण 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, डीपीआरओ रोहित भारती, बीएसए रोशनी सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक चालकों में बहस के चलते पुल पर लगा जाम

संवाददाता, जहानाबाद

● कुछ ही देर में लग गई वाहनों की कतार, पुलिस ने खुलवाया

**अमृत विचार:** शहर से लेकर हाईवे तक सड़कों पर फैली अव्यवस्था का खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। दिन में कई बार जाम लगने के बाद राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। हाईवे भी इससे अछूते नहीं हैं। एक बार फिर अप्सरा पुल के पास ट्रक चालकों के आमने-सामने आने पर बहसबाजी के चलते जाम लग गया। चालकों में बैक न करने की जिद शुरू हुई और वाहनों की कतार लग गई। करीब 1 घंटे से अधिक जाम लगा रहा। पुलिस ने जाम खुलवाया।

पीलीभीत से जहानाबाद रोड पर अप्सरा नदी पुल है। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे का हिस्सा होने के चलते इस मार्ग पर उत्तराखंड के लिए भी बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है। आए दिन यहां जाम लगता है। बताते हैं कि पुल के पास मंगलवार दोपहर बाद वाहनों का लोड बढ़ा। एक गन्ना लदा ट्रक फंसा और फिर दो ट्रक आमने-सामने से आ गए। चालकों में बैक करने को लेकर बहस छिड़ गई और दोनों ही जिद पर अड़ गए। नतीजतन कुछ ही देर में दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई और जाम लग गया। इसके बाद दोपहिया वाहन चालक तो जगह तलाश कर जैसे-तैसे निकलते रहे। मगर, चार पहिया और अन्य बड़े वाहन फंसकर रह गए। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। सख्ती कर पुलिस ने एक-एक तरफ से वाहनों को निकलवाना शुरू किया। तब जाकर जाम खुल सका।

# अंजू प्रथम और अलीना को मिला द्वितीय स्थान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने की।

प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि अब समय आ गया है कि पढ़ी लिखी लड़की रोशनी समाज की। ये नारा प्रासंगिक हो गया है। महिलाएं पढ़ लिखकर समाज की दशा को बदलने में भी हिस्सेदारी ले रही हैं। विद्यार्थियों द्वारा विचारों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को समझाया गया। छात्रा रेखा देवी ने कहा कि इस दुनिया की शान है नारी, शक्ति का अवतार है नारी, छात्रा कशिश मंसूरी ने कहा जीवन के हर ख्वाब सजाती हैं औरतें, मकान को एक घर बनाती हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में सोनिया सिंगला, डॉ. कृष्णा शर्मा रहे। भाषण में अंजू प्रथम, अलीना कौसर द्वितीय, हदीका ऐमन तृतीय रही। यहां डॉ. अतुल मिश्रा, शिव शंकर, शाहिद खान, अंग्रेज कौर, संगीता गंगवार, राजपाल, आलोक उपाध्याय, महक तब्बसुम, कुसुम लता, कविशा कनौजिया, सुरी, अत्तीबा आरिफ आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### महिला दिवस पर हुईं प्रतिगिताएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आराध्या धार्मिक संस्था की ओर से महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ कार्यालय की स्टेनो शीला सक्सेना रहीं। कुर्सी दौड़, अंताक्षरी समेत कई प्रतियोगिताएं हुई। केक काटकर एक दूसरे को खिलाया गया। अंत में प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर अंजू सक्सेना, पूनम सक्सेना, अर्चना सक्सेना , नीलू सक्सेना, रानी सक्सेना, साक्षी सक्सेना, रंजना सक्सेना, संगीता सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालन वसुंधरा अग्निहोत्री ने किया।

### डीएम से मिले शिक्षक संघ पदाधिकारी



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने वरिष्ठ शिक्षक साथी सतीश चंद्र गंगवार के साथ मंगलवार को डीएम से मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया कि सहायता प्राप्त विद्यालयों के माध्यमिक शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन होली से पूर्व छोड़िये अभी तक नहीं मिल सका है। कई विद्यालयों का माह जनवरी का वेतन भी नहीं मिला है। डीएम ने इसे लेकर नाराजगी व्यक्त की और जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### प्रधानाचार्य परिषद ने की शोकसभा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अखलाक हसन खान की अगुवाई में मंगलवार को शोक सभा हुई। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के कोषाध्यक्ष के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, जिला मंत्री योगेश गंगवार, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, प्रतिभा चौहान, रोहतास, मोहम्मद फिरोज, डॉ .जावेद, सुमन, रमाकांत शर्मा, हबीब अहमद आदि मौजूद रहे।



### सुरक्षा सप्ताह का समापन, विजेता पुरस्कृत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बजाज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में चार से दस मार्च तक चलने वाले सुरक्षा सप्ताह का मंगलवार को समापन हो गया। पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंतिम दिन प्रतियोगिता के विजेताओं को इकाई प्रमुख दीपक राणा ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत सिंह ने किया।



### 100 छात्राओं को के लिए कराया गया आईवीआरआई का भ्रमण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मरौरी ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 100 छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के तहत दो बसों से मंगलवार को आईवीआरआई बरेली भेजा गया। पशु ,पक्षियों एवं बाहरी दुनिया से छात्राओं को रूबरू कराया गया। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली के सीनियर टेक्निकल ऑफिसर अजय पटेल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पशुओं में कौन-कौन से वायरस जानलेवा खतरनाक होते हैं। छात्राओं ने पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुभाग, रिसर्च सेंटर, पशु शरीर रचना अनुभाग में पशु पक्षियों के आंतरिक संरचना का ढांचा देखा। इसके बाद संस्थान के ही प्रयोगशाला वधुशाला, नेशनल एनिमल साइंस सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, योगा पार्क, जैविक उत्पाद विभाग का भ्रमण किया। एक्स्पोज़र विजिट में जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, केके सागर, केके सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन नीतू त्रिवेदी, भावना सिंह, अंबर, शिखा कटियार, पिंकी देवी पाल, नीलम राजपूत आदि मौजूद रहे।

### बहनोई पर छेड़छाड़ करने का आरोप, विरोध करने पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 फरवरी को उसकी बहन का फोन उसके पास आया। जिस पर उसने कहा कि उसके पति धर्मेंद्र ने उसके साथ मारपीट की। अगले दिन 23 फरवरी को वह अपनी बहन की ससुराल पहुंची तो उसका बहनोई घर के बाहर बच्चों को खिला रहा था। उसकी बहन पानी लेने के लिए घर से बाहर गई हुई थी। बहनोई ने उसको पकड़कर छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने उसको बचाया। घटना में आरोपियों के साथ शिवदयाल और उसकी मां जगदेई भी शामिल थी। उसके हाथ में चाकू भी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमृत विचार Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली। 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार | गुरुवार |
| सुन्नी : 6:15 | सुन्नी : 4:54 |
| शिया : 6:16 | शिया : 4:56 |

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा मजदूर महासंघ का होली मिलन 18 को

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 18 मार्च को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह पूर्वाह्न 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक मेला मैदान के निकट भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर मनाया जाएगा। समारोह में कई दलों के नेता, अधिकारी, मजदूर, मिस्त्री, विश्वकर्मा समाज के लोग भाग लेंगे। बताया कि दोपहर 2 बजे पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

### बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव छैरासी निवासी सरोजनी देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके पति मेवालाल पुत्र दुजई बाइक से माखनलाल के साथ गोला से घर वापस आ रहे थे। अलीगंज रोड पर जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय के सामने लापरवाही से तेज रफ्तार से चलाते हुए बुलेट बाइक के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। उन्होंने बुलेट बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### रुपये लेकर बिल न जमा करने का आरोप

पलिया कलां, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम बोझवा निवासी एक महिला ने गांव के विद्युत मीटर रीडर पर रुपए लेकर भी बिजली बिल जमा न करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री पोर्टल सहित भीरा पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्राम बोझवा मटहिया निवासी उर्मिला पत्नी बांके ने आरोप लगाया है कि उसने बिजली बिल जमा करने के लिए 1 वर्ष पूर्व विद्युत मीटर रीडर शैलेश उर्फ सोनू को 12000 रुपये दिए थे, जो उसने जमा नहीं किये। मांगने पर अब टालमटोल करता है।

# पति ने मां-बेटे के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या

## गला दबाने का आरोप, पिता बेटी का शव देखकर हुए बेहोश, पहले भी हुई थी मारपीट की शिकायत



घटना स्थल पर जांच करते सीओ जितेंद्र सिंह परिहार। ● अमृत विचार



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/मझगई

- 10 दिन में दूसरी हत्या से क्षेत्र के लोगों में दहशत

**अमृत विचार:** मझगईं थाना क्षेत्र के मोतीपुरवा गांव में शराब के नशे में पति ने अपनी मां और बेटे के साथ मिलकर 35 वर्षीय पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी और बाद में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। 10 दिन में दूसरी हत्या से इलाके के लोग दहल उठे हैं। सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी ली।

मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पड़ोसियों ने घटना की जानकारी गांव बेलाकलां निवासी मृतका के पिता सुरेश गौतम को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सुरेश गौतम प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद यादव के साथ मोतीपुरवा गांव पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अपनी बेटी का शव देखा। वह बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी यह मंजर देखकर नम हो गईं।

बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में केवल मृतका के दो छोटे बच्चे मौजूद थे। आरोप है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति नागेश, उसका बेटा आकाश और मां सियापति मौके से फरार हो गए। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

गांव में दहशत का माहौल है। मृतका के पिता सुरेश गौतम ने बताया कि उनका दामाद नागेश शराब का आदी है और आए दिन उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई में भी नागेश ने उनकी बेटी के साथ बुरी तरह मारपीट की थी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई थी। उस समय आरोपी ने शराब न पीने की कसम खाकर समझौता कर लिया था और बेटी को तीन बच्चों के साथ मायके भेज दिया गया था।

आरोप है कि नागेश ने अपनी आदत नहीं छोड़ी और शराब के नशे में अक्सर बेटी को प्रताड़ित करता था। पिता का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनकी बेटी का एक हाथ भी तोड़ दिया था और अंत में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

पीड़ित पिता ने दामाद नागेश, नाती आकाश और समधन सियापति के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजू राव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

सूचना पर पहुंचे सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने परिजनों और आसपास के ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें भी बनाई गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र में दस दिन के भीतर हत्या की यब दूसरी वारदात है। इससे पहले पहली मार्च को गांव विष्णुपुर निवासी रमेश कुमार की उसकी ससुराल वालों ने धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी थी। लगातार हत्या की वारदातों से लोग दहल उठे हैं।

> परिजन गला दबाकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। मौत की सही वजह रिपोर्ट आने पर ही साफ हो सकेगी। **-राजू राव**, प्रभारी निरीक्षक

# बिना पंजीकृत चल रहा अस्पताल किया सील

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- आठ मरीज मिले भर्ती, अन्यत्र शिफ्ट कराया गया

**अमृत विचार:** नगर की खुटार रोड पर संचालित बिना पंजीकृत एक निजी अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। मौके पर आठ मरीज भर्ती मिले, जिन्हें अन्यत्र शिफ्ट करा दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की सख्ती के चलते मंगलवार को खुटार रोड स्थित गैलेक्सी अस्पताल को बिना पंजीकरण संचालित पाए जाने पर एसीएमओ डॉ रवि मोहन गुप्ता ने सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय वर्मा के साथ निरीक्षण कर कार्रवाई की। चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर आठ मरीज भर्ती मिले, जिसमें एक ऑपरेशन का मरीज भी था।

अस्पताल में तीन डॉक्टर हैं और सभी आवश्यक मानक भी पूरे हैं, पर अस्पताल का पंजीकरण न होने के चलते अस्पताल को सील कर दिया गया है। अस्पताल में कार्रवाई से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल में भर्ती मरीज लिखित पत्र देकर अन्यत्र निजी अस्पतालों में इलाज के लिए अपने परिजनों के साथ चले गए। अस्पताल के संचालक तीनों डॉक्टर लखनऊ के बताए जा रहे हैं। कार्रवाई के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य कर्मी विवेक शर्मा, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।



गोला में गैलेक्सी अस्पताल को सील करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# जनपद में 129 परीक्षा केंद्रों पर 49,989 परीक्षार्थी रहे उपस्थित, दौड़ते रहे दस्ते

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मंगलवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हुई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की आवाजाही बनी रही और निर्धारित समय पर परीक्षा कराई गई। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के बीच परीक्षा व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 52,904 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 49,989 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2,915 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 43,726 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 41,106 उपस्थित रहे और 2,620 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1,792 परीक्षार्थियों में से 1,753 उपस्थित रहे, जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के ट्रेड विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 7,386 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7,130 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 256 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था सक्रिय रही।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दलों ने केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

### पालीवार उपस्थिति का विवरण

| प्रथम पाली | |
|---|---|
| पंजीकृत – | 45,518 |
| उपस्थित – | 42,859 |
| अनुपस्थित – | 2,659 |
| **द्वितीय पाली** | |
| पंजीकृत – | 7,386 |
| उपस्थित – | 7,130 |
| अनुपस्थित – | 256 |

# सीएम डैशबोर्ड में जिले को मिला प्रदेश में चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आईजीआरएस में लगातार छह माह से लखनऊ मंडल में प्रथम
- मितौली तहसील प्रदेश की 351 तहसीलों में बनी नंबर वन

**अमृत विचार:** जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जन शिकायतों के निस्तारण में लखीमपुर खीरी ने प्रदेश में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। फरवरी माह की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद ने पूरे उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लगातार छह माह तक लखनऊ मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में जिले यह स्थान प्राप्त किया है। वहीं राजस्व विभाग ने प्रदेश में छठा स्थान हासिल किया। आईजीआरएस रैंकिंग में लगातार छह महीने तक शीर्ष स्थान पर बने रहना यह दर्शाता है कि जिले में जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है।

ऑनलाइन शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग, जनसुनवाई और फीडबैक व्यवस्था की सख्त निगरानी के कारण खीरी जिला लखनऊ मंडल में लगातार अव्वल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस की रैंकिंग में जिले का शानदार प्रदर्शन पूरी प्रशासनिक टीम की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। जनता की शिकायतों का प्रभावी और संवेदनशील निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सीडीओ, दोनों एडीएम, सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बैठकें, विभागवार समीक्षा और डैशबोर्ड मॉनिटरिंग से बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। सभी विभागों को शून्य लंबित शिकायत का लक्ष्य दिया गया था, जिस पर लगातार फॉलोअप से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लखनऊ मंडल के छह जिलों की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने चौथा स्थान हासिल कर मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद हरदोई 23वें, सीतापुर 26वें, उन्नाव 53वें, रायबरेली 51वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहा।

### मितौली तहसील बनी प्रदेश की नंबर वन

जन शिकायतों के निस्तारण में जिले की मितौली तहसील ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। फरवरी माह की आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश की 351 तहसीलों में मितौली ने पहला स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे लखनऊ मंडल के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। तहसील मितौली में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व और प्रशासनिक टीम ने पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध समाधान को प्राथमिकता दी। मौके पर जांच और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण तहसील ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

# सीमा सुरक्षा के लिए बनाया साझा प्लान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एसएसबी और नेपाली एपीएफ ने की समन्वय बैठक
- संयुक्त गश्त कर अवैध गतिविधियों पर सख्ती करने पर सहमति



सीमा पर संयुक्त गश्त करते दोनों देशों के जवान।

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल की आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के अधिकारियों के बीच सीमा समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इसके बाद सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त भी की गई।

सीमा समन्वय समिति की यह बैठक बेलौरी और सब राघवपुरी क्षेत्र में आयोजित हुई। बैठक में सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, नो मैंस लैंड को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा सीमा क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसएसबी की ओर से उप निरीक्षक मस्तरामतथा अन्य जवान मौजूद रहे, जबकि नेपाल की एपीएफ बेलौरी की ओर से उप निरीक्षक बुढ़ बहादुर थापा और उनकी टीम ने भाग लिया। अधिकारियों ने सीमा पार होने वाली तस्करी, अवैध आवाजाही और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर बल दिया।

बैठक के दौरान दोनों देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने यह भी तय किया कि सीमा क्षेत्र में समय-समय पर इस तरह की समन्वय बैठकें आयोजित की जाएंगी और संयुक्त गश्त को और प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल एक-दूसरे के साथ साझा करने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय से सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ ही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# संविधान संवाद रैली में 12 को पलिया जाएंगे कांग्रेसी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- कांग्रेसियों ने बैठक कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

अमृत विचारःपलिया में 12 मार्च को होने वाली संविधान संवाद रैली के लिए कांग्रेसियों ने बैठक कर आधिकाधिक लोगों को पलिया पहुंचने की रणनीति बनाई है।

पटेल संस्थान के पूर्व अध्यक्ष मूलचंद वर्मा के मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित आवास पर आंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष शिव भगवान की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने बताया कि 12 मार्च को दोपहर 12 बजे पलिया में संविधान संवाद रैली में हरिशंकर लॉन मालगोदाम रोड पलिया कला में होगी। इस संवाद रैली को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी पूर्व सांसद अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, सांसद केएल शर्मा, सांसद उज्जवल रमण सिंह, सांसद इमरान मसूद, सांसद तरुण पूनिया, सांसद राकेश राठौर संबोधित करेंगे। शिव भगवान ने 12 मार्च को गोला से ज्यादा लोगों के पहुंचने की अपील की है।

बैठक में राजनारायण राठी, गौरव शर्मा, जगदीश वर्मा, तुलसीराम गौतम, साहब सिंह, संदीप सक्सेना, भगवानदीन गौतम, पवन गिरि, मनोज पांडे, कुलवंत सिंह, प्रेम रस्तोगी, शौकत अली, सूरज श्रीवास्तव, बहादुर लाल वर्मा, ओमप्रकाश भारती, मनोज तिवारी, मोहनलाल गौतम, दिनेश मेहरोत्रा, मूलचंद मित्रा, बराती लाल चौधरी सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# विधायक ने निभाई पचहड़ की रस्म

संवाददाता, पलिया कलां/खीरी

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने जरूरतमंद बिटिया की शादी में पीतल के पांच बर्तन (पचहड़) देकर न सिर्फ शादी की रस्म पूरी की बल्कि पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद भी दी। बिटिया का मोबाइल पर कॉल करके विधायक से आग्रह करने और शादी में पहुंचकर पचहड़ देने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

ग्रामसभा त्रिलोकपुर के गांव बाजारपुरवा निवासी रामचन्द्र गुप्ता की पुत्री रिंकी गुप्ता का विवाह था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को शादी की तैयारियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच बिटिया रिंकी ने विधायक रोमी साहनी को फोन कर विवाह के लिए पांच बर्तनों की सहायता का अनुरोध किया।

इस पर विधायक रोमी साहनी बिना देर किए मौके पर पहुंच गए और परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति जानी। विधायक ने बेटी के विवाह में सहयोग करते हुए उसे पांच बर्तन (पचहड़) प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने बेटी को आशीर्वाद स्वरूप पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी भेंट की। विधायक को अपने बीच पाकर परिवार के लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी विधायक की सराहना करते हुए कहा कि रोमी साहनी समय-समय पर गरीब परिवारों की मदद के लिए आगे आते रहते हैं।

### जरूरतमंदों की मदद करना ही कर्तव्य



रोमी साहनी, विधायक।

विधायक रोमी साहनी ने कहा कि गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करना उनका कर्तव्य है और यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की मदद करना ही जनप्रतिनिधि होने का असली उद्देश्य है। कहा कि क्षेत्र में किसी भी गरीब परिवार को बेटी की शादी या अन्य जरूरी कार्यों में परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर वह हमेशा मदद के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उज्ज्वल भविष्य और सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं भी दीं।

# कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्त, दलाल पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

- डीएम के आदेश पर सीडीओ ने एआरटीओ कार्यालय मारा छापा
- गेट बंद कराकर की गई जांच पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



एआरटीओ परिसर में मिले लोगों से पूछताछ करते सीडीओ अभिषेक कुमार।



कार्यालय में बाबू को कड़ी फटकार लगाते सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने एआरटीओ कार्यालय में छापा मारा। उन्होंने मेन गेट बंद कराकर कार्यालय का निरीक्षण किया। छापे के दौरान उन्होंने रंगे हाथ 1500 रुपये लेते पकड़े गए कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त कर दीं। वहीं मौजूद मिले दलाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। अचानक हुई कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सीडीओ ने कार्यालय पहुंचते ही मुख्य गेट बंद करवा दिए और कर्मचारियों व मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान बेहजम क्षेत्र के कैमाखादर निवासी इश्तियाक अपने साथ रवि पुत्र प्रेमशंकर के साथ वाहन ट्रांसफर कराने के लिए मौजूद मिले। पूछताछ में रवि ने पहले खुद को रिश्तेदार बताया, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने स्वीकार किया कि वह काम कराने के लिए दफ्तर आया है। इश्तियाक ने बताया कि काम कराने के लिए उससे दो हजार रुपये लिए गए थे। इस पर सीडीओ ने एआरटीओ को रवि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अर्जुनपुरवा निवासी शुभम गुप्ता ने शिकायत की कि ड्राइविंग लाइसेंस को लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) कराने के लिए काउंटर पर 400 रुपये की जगह 1500 रुपये लिए गए हैं। शिकायत मिलते ही सीडीओ सीधे इंस्टेंट सॉल्यूशन सेंटर काउंटर पर पहुंचे। पूछताछ और तलाशी में कंप्यूटर ऑपरेटर कमर अली ने 1500 रुपये लेने की बात स्वीकार कर ली। जांच के दौरान उसके पास से पैसे भी बरामद हुए। इस पर सीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल उसकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दे दिए।

### पारदर्शिता-जवाबदेही ही प्रशासन की प्राथमिकता

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सुनिश्चित करना है। डीएम के निर्देशानुसार एआरटीओ कार्यालय में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई की गई। कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्त की गई है, जबकि दलाली करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अन्य कर्मचारियों की लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### महीनों से चक्कर काट रहे व्यक्ति को मिला इंसाफ

निरीक्षण के दौरान राधेश्याम नामक व्यक्ति ने सीडीओ को बताया कि वह नवंबर महीने से अपनी गाड़ी का बंधक कटवाने के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहा है, लेकिन बाबू टालमटोल कर रहे हैं। इस पर सीडीओ उसे साथ लेकर संबंधित काउंटर पर पहुंचे। पूछने पर कनिष्ठ सहायक आशीष श्रीवास्तव संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

# शारदा किनारे झाड़ियों में मिला वृद्धा का शव

संवाददाता, निघासन

- 10 दिन से थी लापता, दुर्गंध आने पर हुई जानकारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के झौव्वापुरवा गांव के पास शारदा नदी किनारे झाड़ियों में मंदबुद्धि वृद्धा का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने आसपास तलाश की तो रेत के ढेर के पास झाड़ियों में शव पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार बरोठा क्षेत्र के जुम्मनपुरवा गांव निवासी 70 वर्षीय तकदीरा पत्नी सत्तार करीब दस दिन पहले सोमवार को घर से लापता हो गई थीं। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार को गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर झौव्वापुरवा गांव के पास बहने वाली शारदा नदी के किनारे झाड़ियों से बदबू आने पर ग्रामीणों को शक हुआ। जब लोगों ने आसपास खोजबीन की तो झाड़ियों में रेत के ढेर के पास वृद्धा का क्षत-विक्षत शव मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार और प्रभारी कोतवाल दिनेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर पंचनामा भरने की कार्रवाई की और शव उन्हें सौंप दिया। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि मामले में अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश अरुण तिवारी को स्वाट टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इनामी अरुण तिवारी निवासी पीरपुर थाना फरधान को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था और वह कई संगीन मामलों में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसका चालान भेजा है।

### मेहमान बनकर आए युवक को गांव में पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पसगवां क्षेत्र के गांव बद्दापुर निवासी माया देवी ने बताया कि उनका भतीजा गंगाराम निवासी बरुआरी थाना महोली जनपद सीतापुर सोमवार को उनके घर मेहमान बनकर आया था। आरोप है कि उसी दिन करीब दोपहर तीन बजे गांव के ही पुन्नू और अरविंद ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद घायल युवक का उपचार कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### मारपीट में युवक का टूटा पैर, अस्पताल में भर्ती

**केशवापुर, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद की ढकवा चौकी क्षेत्र के गांव कोरैया सेमरई में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में युवक का पैर टूट गया है, जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। कोरैया निवासी सुरेंद्र के बाबा लालबिहारी द्वारा थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही रमेश कुमार पुत्र बनवारी और उनके छोटे लड़के गुंडे ने गाली गलौज व मारपीट की, जिससे सुरेंद्र कुमार (28) पुत्र तोताराम के दाएं पैर में गंभीर चोटें आई, जिन्हें जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया तहरीर मिली है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है, जांच की जा रही है।

# फाग गीतों की धुन पर झूमे पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री

## होली मिलन समारोह में फूलों से खेली होली, ढोलक की थाप पर थिरके कार्यकर्ता और ग्रामीण



होली मिलन समारोह में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार



भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते स्कूल प्रबंधक स्वर्ण सिंह कंबोज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **अवधी और भोजपुरी फाग गीतों के साथ सुंदरकांड के प्रसंगों की प्रस्तुति ने माहौल रंगीन बनाया**

**अमृत विचार:** ब्लाक सदर के पूर्व ब्लाक प्रमुख आशुतोष वर्मा के गांव बांसखेड़ा में मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने फाग गीत गाकर माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। वह गाते हुए खुद भी थिरक उठे, जिसे देख कार्यकर्ता और ग्रामीण भी झूमने लगे।

समारोह की शुरुआत में पूर्व मंत्री अजय मिश्र टेनी और भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का पूर्व ब्लाक प्रमुख आशुतोष वर्मा ने पुष्प गुच्छ और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सभी को गुलाल का टीका लगाया गया। इसके बाद होली के पारंपरिक फाग गीतों का सिलसिला शुरू हुआ। जब अजय मिश्र टेनी ने होली खेलैं रघुवीरा, अवध मा होली खेलैं रघुवीरा गीत गाया तो पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली खेली गई। समारोह में अवधी और भोजपुरी फाग गीतों के साथ-साथ सुंदरकांड के प्रसंगों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी भक्तिमय और रंगीन बना दिया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं।

इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख आशुतोष वर्मा ने कहा कि होली मिलन समारोह समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। ऐसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण, पुष्पा सिंह, संजय मिश्रा, संजय सिंह, अंब्रीश सिंह, अनुराग मिश्रा, ज्योति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**लखीमपुर खीरी।** स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ के तत्वावधान में महेवागंज स्थित नवभारत पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवभारत पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक स्वर्ण सिंह कंबोज, नीरज सिंह, रघुवीर सिंह यादव, आलोक मिश्रा, सेवक सिंह अजमानी, दीपक पुरी, शरद मिश्रा, डॉ. मीनाक्षी तिवारी, आचार्य संजय मिश्रा आदि ने भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक मंजू त्यागी मौजूद रहीं।

# यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षाओं का समापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **परीक्षा के बाद केंद्रों से छात्र प्रसन्नचित्त होकर बाहर निकले**

**अमृत विचार:** चित्रकला के पेपर के साथ हाईस्कूल की परीक्षाएं मंगलवार को संपन्न हुईं। अंतिम पेपर बेहतर होने से परीक्षार्थियों में उत्साह दिखा।

18 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च गुरुवार तक होंगी। 10 मार्च मंगलवार को हाईस्कूल की मुख्य परीक्षाओं का समापन चित्रकला के पेपर के साथ हो गया। अंतिम पेपर देकर कॉलेज से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर उत्साह दिखाई दिया। मंगलवार को चित्रकला विषय का पेपर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक आयोजित इस परीक्षा के बाद केंद्रों से छात्र प्रसन्नचित्त होकर बाहर निकले। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय और फर्नीचर की उचित व्यवस्था रही। साथ ही परीक्षा कक्ष में दो दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और प्रत्येक कमरे में दो कक्ष निरीक्षकों की तैनाती भी रही थी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षाएं संपन्न हुईं। 12 मार्च गुरुवार को इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कंप्यूटर की परीक्षा के साथ पूरी हो जाएगी।



सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में परीक्षा देने जातीं छात्राएं।

# कार खाई में गिरी, सवार सुरक्षित

- **कुकरा बांकेगंज रोड पर हुआ हादसा**

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार:** थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत कुकरा बांकेगंज रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर पांच फुट गहरी खाई में गिर गई। गरनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इस दुर्घटना से भयभीत कार चालक मौके से भाग गया, जबकि उसके मित्र कार में ही रह गए और काफी घबरा गए।



कुकरा बांकेगंज रोड के किनारे खड्ड में गिरी कार। ● अमृत विचार

कार के खाई में गिरने के तुरंत बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

कार सवारों ने बताया कि वह कुकरा से बांकेगंज की ओर जा रहे थे, तभी चालक का हाथ फिसल गया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि स्टीयरिंग को थोड़ा और न मोड़ा जाता तो कार सीधे सामने लगे पेड़ से टकरा सकती थी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कुकरा चौकी इंचार्ज अवलीश पवार ने बताया कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है। कार सवार बांकेगंज के निवासी थे, उन्होंने जेसीबी की मदद से अपनी कार को खाई से निकलवा लिया है।

# किसानों को गन्ना उत्पादन तकनीक की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **वैज्ञानिकों ने रेड रॉट और बोरर कीट से बचाव के बताए उपाय**
- **दो आंख वाले गन्ने के टुकड़ों को उपचारित कर खेत में लगाएं**

**अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में मंगलवार को किसानों के लिए एक गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार व पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किसानों को गन्ना उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और रोग नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी।



गोष्ठी को संबोधित करते पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा। ● अमृत विचार

वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रजातीय बीज बदलाव के महत्व के बारे में बताया। विभिन्न उन्नत एवं उपयुक्त गन्ना प्रजातियों की बुवाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बीज प्रजाति बदलने से उत्पादन बढ़ता है और रोगों का खतरा भी कम हो जाता है। पादप रोग विशेषज्ञ ने गन्ने में लगने वाले खतरनाक रेड रॉट रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके रोकथाम और नियंत्रण के उपाय बताए। साथ ही उन्होंने टॉप बोरर, रूट बोरर और स्टेम बोरर जैसे कीटों की पहचान और उनसे बचाव के तरीके भी किसानों को समझाए। वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी कि गन्ने की बुवाई के समय दो आंख वाले गन्ने के टुकड़ों को बीज उपचारित कर ही खेत में लगाएं, जिससे फसल में रोग और कीटों का प्रकोप कम हो सके।

गोष्ठी के दौरान किसानों को गन्ने की विभिन्न प्रजातियों की पहचान उनके बाह्य लक्षणों के आधार पर भी कराई गई। गोष्ठी में मौजूद किसानों ने भी गन्ना उत्पादन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव और अनुभव साझा किए।

वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि किसी एक ही प्रजाति का आच्छादन 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए, इससे रोगों का खतरा कम रहता है और उत्पादन बेहतर मिलता है। इस दौरान प्रबंध समिति उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार, संचालक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामजी पांडेय, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, डेलीगेट, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ईद के लिए सजा बाजार, चूड़ी और कपड़ा बाजार में रौनक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ईद नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारी करने वालों की भीड़ दिखाई दे रही है। खासतौर पर महिलाओं और युवतियों की मौजूदगी ने बाजारों की चहल-पहल को और बढ़ा दिया है। शहर के प्रमुख बाजारों के साथ-साथ खपरैल बाजार में भी इन दिनों खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है।



गोटा लचका की दुकान पर लगी खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

ईद की तैयारियों को लेकर महिलाएं नए कपड़े और सजावटी सामान की खरीदारी में जुटी हुई हैं। खपरैल बाजार में लेडीज सूट की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। रंग-बिरंगे सूट, कढ़ाईदार दुपट्टे और डिजाइनर कपड़ों की अच्छी मांग देखने को मिल रही है। दुकानदारों के मुताबिक ईद के करीब आते ही बिक्री में तेजी आई है और दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। वहीं चूड़ी की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ लगी हुई है। कांच की चूड़ियों से लेकर फैशन चूड़ियों तक की खरीदारी जमकर की जा रही है। कई महिलाएं अपने सूट के रंग से मेल खाती चूड़ियां चुनते हुए नजर आ रही हैं। इसके अलावा सलमा-सितारे और कढ़ाई के सामान की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ बनी हुई है। महिलाएं अपने कपड़ों को सजाने के लिए सलमा-सितारे, लेस और अन्य सजावटी सामान खरीद रही हैं। शाम ढलते ही बाजारों में भीड़ और बढ़ जाती है। खासकर खपरैल बाजार और आसपास की गलियों में ग्राहकों की आवाजाही के कारण काफी चहल-पहल दिखाई दे रही है। दुकानदारों का कहना है कि ईद के चलते इन दिनों बाजार में अच्छी बिक्री हो रही है और आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।

### इंस्टाग्राम चूड़ियों का बढ़ा क्रेज

खपरैल बाजार के चूड़ी विक्रेता अंजुम चूड़ी वाले ने बताया कि इस बार बाजार में इंस्टाग्राम चूड़ियों का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। ज्यादातर महिलाएं और युवतियां सोशल मीडिया पर देखे गए नए डिजाइन की चूड़ियों की मांग कर रही हैं।

### तैयारियों में जुटीं महिलाएं

ईद को लेकर शहर की महिलाएं और युवतियां तैयारियों में जुटी हैं। नए कपड़ों के साथ चूड़ी, मेकअप और सजावटी सामान की खरीदारी भी तेजी से हो रही है। खपरैल बाजार में शाम के समय सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है, जहां महिलाएं अपनी पसंद के सूट और चूड़ियों का चयन कर रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि ईद पर हर साल इसी तरह बाजार में रौनक रहती है ।

# घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **पति से कहासुनी के बाद उठाया आत्मघाती कदम**
- **मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई है**

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरा पुरवा में घरेलू कलह से आहत एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और तीन छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया।

गांव सेमरापुरवा निवासी 28 वर्षीय नीरू देवी पत्नी संतोष कुमार ने सुबह घर में हुए विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों के अनुसार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद संतोष खेत पर चला गया, जबकि घर के अन्य सदस्य दवा लेने के लिए लखीमपुर आ गए थे। इसी बीच विवाद से आहत होकर नीरू देवी ने घर पर ही जहर खा लिया। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के ससुर ने बताया कि घरेलू विवाद के बाद यह घटना हुई है।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# बरौछा गांव में महिला का फंदे से लटकता मिला शव

संवाददाता, कुकरा

- **मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाने का लगाया आरोप**
- **बताया पति-पत्नी के बीच कुछ समय से चल रहा था विवाद**

**अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के बरौछा गांव में महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। ग्राम बरौछा निवासी सोनू की पत्नी अंजू (22) ने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि अंजू मूल रूप से मुर्तिहा थाना क्षेत्र जिला बहराइच की रहने वाली थी और उसकी शादी बरौछा गांव के सोनू के साथ हुई थी।

ग्रामीणों के अनुसार पति पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने 112 पुलिस और कुकरा चौकी पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका के चाचा कमलेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अंजू ने फांसी लगा ली है। जब वह मौके पर पहुंचे तो घटना सही पाई गई। उनका आरोप है कि अंजू की हत्या कर आत्महत्या दर्शाने के लिये शव फांसी के फंदे से लटकाया गया है। कुकरा चौकी प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, मितौली

- **पूर्व सांसद जुगुल किशोर ने फीता काटकर किया उद्घाटन**
- **70 मानसिक रोगियों का परीक्षण कर दवाएं की गईं वितरित**

**अमृत विचार:** सीएचसी मितौली परिसर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ और सीएचसी मितौली के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ, जिसका आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता जुगुल किशोर ने फीता काटकर किया। शिविर में 345 मरीजों ने परामर्श व उपचार प्राप्त किया।



स्वास्थ्य शिविर में संबोधित करते मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला। ● अमृत विचार

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने कर्मचारियों और आशा-एएनएम को मानसिक रोगों के लक्षणों और उनके उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनिद्रा, अवसाद, चक्कर आना, बेहोशी के दौरे, माइग्रेन, चिंता, घबराहट और अत्यधिक तनाव जैसी समस्याएं आज के समय में तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन समय रहते पहचान और सही इलाज से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। अपील की कि मानसिक रोगों को लेकर समाज में फैले झाड़-फूंक, ऊपरी शक्तियों और अंधविश्वास जैसी भ्रांतियों से दूर रहें और किसी भी समस्या की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श जरूर लें। शिविर के दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने क्षेत्र से आए लोगों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए जानकारी दी और जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए। शिविर में आए मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा पहले से उपचार करा रहे मरीजों का फॉलोअप भी किया गया।

साइक्रियाट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पांडेय ने ने मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 9120984643 तथा टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416 (24×7) की जानकारी देते हुए कहा कि मानसिक तनाव या किसी भी प्रकार की परेशानी की स्थिति में लोग इन नंबरों पर संपर्क कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकते हैं। शिविर में कुल 345 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 70 मानसिक रोगियों का विशेषज्ञों ने परीक्षण किया। साइक्रियाट्रिक नर्स विवेक कुमार मित्तल ने मरीजों को दवाएं वितरित कीं। नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति ककड़ ने एक मरीज की बुद्धिमत्ता जांच की। कार्यक्रम में सीएचसी मितौली के अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. केके भारवा, डॉ. अरविंद कुमार अभिषेक मिश्रा, अमित सक्सेना, शिल्पा बाजपेई, सरिता मिश्रा सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मच्छरों से लोग परेशान फॉगिंग कराने की मांग

भीरा, अमृत विचार : मच्छरों ने लोगों की रातों की नींद हराम कर दी है। लोग मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में लोग आने लगे हैं। शाम होते ही मच्छरों की भरमार होने लगती है। मच्छरों के पैदा होने का सबसे बड़ा कारण पानी निकास की नालियों की नियमित सफाई न होना है, जबकि नगर पंचायत में साफ सफाई के लिए कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या बताई है। सबसे खराब हाल मुख्य बाजार अस्पताल रोड का है। नालियों की सफाई कई महीनों से नहीं हो पाई है। महाराजा अग्रसेन मोहल्ले के प्राचीन शिव मंदिर जाने वाले मार्ग की नाली भी कूड़ा करकट से पटी पड़ी है। नरेश गुप्ता, सुभाष गोयल, रिंकल जैन, सभासद प्रतिनिधि नरेश सिंह छोटू ने ईओ डीके शुक्ला से साफ सफाई के साथ दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

### नो स्मोकिंग डे पर गोष्ठी आज

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि नो स्मोकिंग डे पर बुधवार यानी आज सीएमओ सभागार में एक गोष्ठी आयोजित की गई है। यह गोष्ठी सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

# डीएम के निर्देश भी बेअसर, शिव मंदिर कॉरिडोर की रफ्तार सुस्त

## जल निकासी, समतलीकरण और वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण पर दिखाई थी सख्ती

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


शिव मंदिर कॉरिडोर का हो रहा निर्माण। • अमृत विचार


कॉरिडोर निर्माण के लिए बनाए गए पिलर। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं आ पा रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए सख्त निर्देशों के बावजूद कई महत्वपूर्ण कार्य अब तक शुरू भी नहीं हो सके हैं। ऐसे में कॉरिडोर परियोजना की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि होली पर्व के दौरान बाहर गए कई श्रमिक अब तक वापस नहीं लौटे हैं। इसी वजह से सीमित संख्या में मौजूद मजदूरों से ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे काम की गति काफी धीमी है। वहीं दूसरी ओर वीआईपी गेट के सामने प्रस्तावित निर्माण कार्य में भी बदलाव किए जाने की चर्चा है। बार-बार हो रहे इन बदलावों के कारण भी काम प्रभावित हो रहा है और परियोजना समय से पीछे खिसकती दिख रही है।

- वीआईपी गेट के सामने निर्माण में बदलाव की चर्चा

दरअसल, 26 फरवरी को डीएम ने विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई थी और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कॉरिडोर के बाहर नालों के चौड़ीकरण, मंदिर परिसर में समतलीकरण तथा वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण के कार्यों को प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए थे। डीएम ने उस समय स्पष्ट कहा था कि सात दिन के भीतर इन कार्यों की शुरुआत धरातल पर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि वह सात दिन बाद दोबारा निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करेंगी। डीएम ने कॉरिडोर परियोजना को जनआस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कहा था कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में जल निकासी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पाई गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने पालिका प्रशासन को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। साथ ही कॉरिडोर में नवनिर्मित मंदिरों में पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना का कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा कराने को कहा गया था। मंदिर परिसर में समतलीकरण का कार्य सात दिनों में पूरा करने की हिदायत दी गई थी।

> अभी हाल ही में जिम्मेदारी मिली है, इसलिए पूरी जानकारी नहीं है। 15 दिन बाद उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद ही कुछ बता पाएंगे। फिलहाल काम में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। **-पवन श्रीवास्तव**, असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर

हालांकि डीएम के निर्देशों को करीब 15 दिन पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही है। कई स्थानों पर काम शुरू ही नहीं हुआ है, जबकि कुछ जगहों पर सीमित स्तर पर ही गतिविधियां दिखाई दे रही हैं।

## ट्रैक्टर के हैरो से भिड़ीं बाइकें, 7 घायल

**सिंगाही, अमृत विचार:** बेलरायां-सिंगाही रोड पर मंगलवार को ट्रैक्टर के हैरों-पटेला से टकराकर दो बाइकों पर सवार युवकों के साथ सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर सभी घायलों को अस्पताल भेजा है। हादसा उस समय हुआ जब सड़क पार कर रहे ट्रैक्टर के हैरो-पटेला की चपेट में दोनों बाइकें आ गईं। थाना शारदा नगर के गांव चहलुआ निवासी नीरज (22) अपनी दो वर्षीय बहन मीरा और दो भांजों को बाइक पर बैठाकर जा रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर पलिया कोतवाली क्षेत्र के कंचनपुर गजरौला निवासी राजू (23) अपनी पत्नी माया, भांजी पूजा और भांजे आदित्य के साथ सवार थे। सभी लोग तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के जसनगर गांव में अपनी बुआ के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया जाता है कि सिंगाही-बेलरायां रोड पर सिंगहा कलां गांव के पश्चिम तालाब के पास सिंगहा निवासी पप्पू अपने ट्रैक्टर से हैरो-पटेला लेकर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान दोनों बाइकें अचानक हैरो-पटेला की चपेट में आ गईं और अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में पूजा और राजू का दाहिना पैर टूट गया, जबकि अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा।

# मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


पुलिस गिरफ्त में इनामी हत्यारोपी।

- गला दबाकर हत्या के बाद पंखे से लटका दिया था, 50 हजार का इनामी औरंगाबाद चौराहे से दबोचा

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज पुलिस ने हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मां की हत्या के आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी।

प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने औरंगाबाद चौराहे के पास से आरोपी योगेश उर्फ नन्हे निवासी दीक्षितपुर थाना मैगलगंज को गिरफ्तार किया है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इन्द्रजीत सिंह चौहान बीती 17 फरवरी को दीक्षितपुर निवासी रमेश कुमार ने सूचना दी थी कि उनकी पत्नी उर्मिला देवी (58) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, जिसमें गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद 18 फरवरी को रमेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका बेटा योगेश उर्फ नन्हे पहली पत्नी के न आने से नाराज था, जिसको लेकर उसने मां के साथ मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी।

आरोप है कि हत्या के बाद आरोपी ने लाश को साड़ी को गले में लपेटकर कमरे में पंखे से लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या लगे। पुलिस ने इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए और आरोपी के लगातार फरार रहने पर पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र ने आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आखिरकार सोमवार को पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।


हत्यारोपी के खिलाफ वर्ष 2018 में लखनऊ के थाना मलिहाबाद में हत्या के प्रयास, वर्ष 2021 में थाना मैगलगंज पर मारपीट आदि गंभीर धाराओं में पहले से केस दर्ज है। पुलिस ने मंगलवार को चालान कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए तीन विद्यार्थी चयनित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


प्रियम वर्मा।


मान्या वर्मा।


लक्ष्य प्रजापति।

- भारत सरकार द्वारा तीनों को मिलेगी 10-10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार:** भारत सरकार के निर्देशन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कराई गई इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के मॉडल में श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के तीन छात्र चयनित हुये हैं। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों में हर्श का माहौल है।

प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों को कम उम्र से ही विज्ञान पढ़ने और अनुसंधान क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की अनूठी पहल इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सत्र 2025- 26 में जनपद के जिन विद्यार्थियों के नवोन्मेषी विचार एवं मॉडल चयनित हुए है, उनमें श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी गोला के तीन विद्यार्थियों का नाम सम्मिलित है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने इस योजना में चयनित विद्यार्थियों, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं देने के साथ साथ इंस्पायर अवार्ड मानक में प्रोत्साहन धनराशि 10 हजार रुपए जीतने एवं उत्कृष्ट मॉडल तैयार करके जनपद, मंडल, राज्य का नाम रोशन करने के लिए शुभकामना दी है। इंस्पायर के नोडल शिक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया इंस्पायर मानक योजना देशभर के सभी माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए है।

प्रत्येक वर्ष हर विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थियों का नामांकन ऑनलाइन किया जा सकता है। इसमें चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा दस हजार रूपए की धनराशि मॉडल को मूर्त रुप देने हेतु प्रदान की जाती है। चयनित विद्यार्थियों द्वारा जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने मॉडल प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए जाते हैं। इस योजना में राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी लक्ष्मनजती गोला के कक्षा-9 के तीन विद्यार्थियों प्रियम वर्मा, लक्ष्य प्रजापति, मान्या वर्मा का चयन हुआ है।

विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा ने इन होनहार विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है। विद्यालय प्रबंध निदेशक विधायक अमन गिरि ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन होनहार बच्चों की इस उपलब्धि से अन्य छात्र छात्राओं में भी प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

# 39 छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए उत्तराखंड रवाना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय से शैक्षणिक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार। • अमृत विचार

- महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचार:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद के बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर के 39 विद्यार्थी शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से अपने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के लिए रवाना हुए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ करते हुए बताया कि कृषि विद्यालय के छात्र उत्तराखंड के शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हो रहे हैं, जिसका उद्देश्य व्यावहारिक कृषि पद्धतियों, बागवानी और पहाड़ी कृषि तकनीकों को सीखना है। यह यात्रा उन्हें उन्नत कृषि अनुसंधान केंद्रों, विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों और स्थानीय किसान सहकारी समितियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जो उनकी अकादमिक शिक्षा में सहायक होगा। इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है तथा विभिन्न वैज्ञानिक एवं शोध संस्थानों में चल रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी मिलती है। इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा, खानपान एवं जीवन-शैली को निकट से समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनमें राष्ट्रीय एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना भी सुदृढ़ होगी। बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थी गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उधम सिंह नगर, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून, भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून, वन अनुसंधान संस्थान देहरादून आदि का शैक्षणिक अवलोकन करेंगे। छः दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में 39 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। मार्गदर्शक एवं प्रबंधन दल में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. रणधीर यादव, सर्वेश पांडे शामिल हैं।

# तेज रफ्तार का कहर: महिला की मौत, मां-बेटी घायल

संवाददाता, बेहजम

- भूलनपुर के पास हुए दो अलग-अलग हादसे

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि साइकिल सवार मां-बेटी को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें मां गंभीर घायल हो गई।

पहली घटना बेहजम-ओयल मार्ग पर वन विभाग की नर्सरी के पास हुई। भूलनपुर की ओर पैदल जा रही करीब 50 वर्षीय भोग देवी को बेहजम की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी बेहजम के प्रभारी संदीप यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

सीतापुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के नवरंगपुर निवासी मैना देवी अपनी पुत्री पल्लवी के साथ साइकिल से जा रही थीं। जैसे ही वे भूलनपुर के पास पहुंचीं, तभी बेहजम की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां-बेटी दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे में मैना देवी गंभीर घायल हो गईं, जबकि पुत्री पल्लवी को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मैना देवी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है।

# सदर में नवीं की छात्रा से रेप, हत्या की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पुलिस ने दूसरे समुदाय के आरोपी को किया गिरफ्तार
- किशोरी का कराया मेडिकल घटना से गांव में तनाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में महिला अपराध का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। मंगलवार को इलाके में कक्षा 9 की छात्रा से रेप की वारदात से हड़कंप मच गया। पीड़ित किशोरी खेत पर जा रही थी। रास्ते में दूसरे समुदाय के आरोपी ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन घटना से गांव में तनाव के हालात बताए जा रहे हैं।

पीड़ित छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी दोपहर में घर से खेत पर जाने को निकली थी। आरोप है कि छात्रा जैसे ही खेत के पास पहुंची तो वहां पहले से ही घात लगाए शोएब नामक युवक ने उसको पकड़ लिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने जाते समय पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया तो जान से मार देगा। डरी सहमी छात्रा किसी तरह से छात्रा घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। घटना का पता गांववालों को लगा तो आक्रोश की स्थिति बन गई। परिजन छात्रा को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

इसके बाद पुलिस पर मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुट गई। कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शहर कोतवाल ने बताया कि छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शोएब के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हांफ रही पुलिस, कांप रहीं बेटियां

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** महिला अपराधों को लेकर राज्य की योगी सरकार का सख्त रुख सभी जानते हैं लेकिन खीरी में जगह पुलिस की सुस्ती शासन की मंशा पर ग्रहण लगी दिख रही है। छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या से उठा गम, गुस्सा, गुबार अभी कम नहीं हुआ था कि एक और किशोरी से रेप की वारदात ने पुलिस में हड़कंप मचा दिया है।

जिले में आए दिन सामने आ रही छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या जैसे अपराधों से लोगों में दहशत का माहौल है। हालात यह हैं कि ऐसे हैं कि बाहर आने-जाने वाली बेटियों की सुरक्षा को लेकर लोग टेंशन में दिखाई देते हैं। मंगलवार को सामने आया यह कोई पहला मामला नहीं है। करीब एक माह से जिले में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। कभी खेतों में छेड़छाड़, तो कभी सुनसान रास्तों पर हमले और दुष्कर्म की घटनाएं जनमानस में दहशत का माहौल पैदा कर रही हैं। आरोप है कि कई मामलों में समय पर सख्त कार्रवाई न होने से भी अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है। सदर कोतवाली क्षेत्र में सात दिन के भीतर यह किशोरी से दुष्कर्म की दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले तीन मार्च को रहस्यमय ढंग से लापता हुई शहर की एक छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आने पर खूब फजीहत हुई थी। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने लापरवाही बरतने के आरोप में चौकी इंचार्ज एलआरपी डिंपल कुमार को तुरंत निलंबित कर दिया था।

### दुष्कर्म, छेड़छाड़ की हुईं घटनाएं

10 फरवरी को आईटीआई जा रही छात्रा से दिनदहाड़े छेड़छाड़
17 फरवरी को पलिया में सात साल की बच्ची से छेड़खानी
28 फरवरी को सिंगाही में मूकबधिर थारू बालिका से गैंगरेप
3 मार्च को सदर क्षेत्र में की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या

# मारपीट में युवक का टूटा पैर जिला अस्पताल भी भर्ती

**केशवापुर, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद की ढकवा चौकी क्षेत्र के गांव कोरैया सेमरई में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में युवक का पैर टूट गया है, जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

कोरैया निवासी सुरेंद्र के बाबा लालबिहारी द्वारा थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही रमेश कुमार पुत्र बनवारी और उनके छोटे लड़के गुंडे ने गाली गलौज व मारपीट की, जिससे सुरेंद्र कुमार (28) पुत्र तोताराम के दाएं पैर में गंभीर चोटें आई, जिन्हें जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया तहरीर मिली है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है, जांच की जा रही है।

# कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र की गोला तहसील के महेशापुर गांव में मंगलवार को तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेल मैदान पर किए अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया।

ब्लॉक बिजुआ के तहत आने वाले गाटा संख्या 136 पर लंबे समय से किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासनिक टीम सुबह ही मौके पर पहुंच गई और कब्जा हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में हलचल मची रही और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। तहसीलदार भीम चंद्र के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार, कानूनगो अरुणेश मिश्रा, लेखपाल अजय गुप्ता समेत तहसील का पूरा अमला मौजूद रहा। इस जमीन पर सफायत अली ने अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे प्रशासन ने पारित बेदखली आदेश को अमल में लाते हुए हटवाया और जमीन को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराया। अफसरों ने बताया कि यह जमीन ग्राम सभा के खेल मैदान के रूप में दर्ज है, लेकिन लंबे समय से इस पर अवैध कब्जा कर लिया गया था।

कब्जे के कारण गांव के बच्चों और युवाओं को खेलकूद के लिए मैदान नहीं मिल पा रहा था, जिससे ग्रामीणों में लगातार नाराजगी भी बनी हुई थी। कई बार शिकायतें होने के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को सख्त कार्रवाई कर कब्जा हटवा दिया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली की ओर से
नि:शुल्क नेत्र, दन्त व हृदय चिकित्सा शिविर
12 मार्च 2026, (बृहस्पतिवार)
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
- आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड व कम्बल साथ लाना न भूलें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
शिविर में उपलब्ध जाचें
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ई.सी.जी.
नि:शुल्क ब्लड शुगर
ब्लड प्रेशर की जांच
नि:शुल्क दवाईयाँ
सौजन्य से :- • स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा विधान सभा, पीलीभीत
• डॉ. आस्था अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीलीभीत • कविता बंसवाल, अध्यक्ष, हीमोफीलिया सोसायटी पीलीभीत
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

डी.पी.पी. डिग्री कालेज
धनकुना, पीलीभीत
आवश्यकता है
- बी.ए. राजनीति शास्त्र शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
- बी.ए. संस्कृत शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
योग्यता : यू.जी.सी. के मानकानुसार
प्रबन्धक मो. 7060007653

सूचना
मेरे इंडियन बैंक शाखा अलीगंज में खुले खाता में बैंक खाता और पासबुक में अंगूरा देवी पत्नी लखपति अंकित है। जबकि आधार कार्ड और अन्य अभिलेखों में सुनीता देवी पत्नी लखपति दर्ज है। अतः बैंक खाता में भी सही नाम सुनीता देवी अंकित किया जाए। **सुनीता देवी पत्नी लखपति निवासी ग्राम तेंदुआ पोस्ट अलीगंज तहसील गोला जिला खीरी।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पान सिंह व उसकी पत्नी चंदा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **यादराम पुत्र अंगनलाल निवासी कछला वार्ड सं. 1, थाना उझानी, जिला बदायूं।**

सूचना
मैंने अपना नाम अब्दुल कासिम नियाजी के स्थान पर अब्दुल कासिम रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। अब्दुल कासिम पुत्र अब्दुल सलीम निवासी मोहल्ला मस्तान कस्बा रिछा तहसील बहेड़ी (बरेली)

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नबील अहमद NABEEL AHMEAD है,व पिता का नाम शब्बीर अहमद SHABBIR AHMEAD भूलवश दर्ज हो गया है ,जबकि मेरा वास्तविक नाम नवील अहमद NAVEEL AHMAD व मेरे पिता का वास्तविक नाम शब्बीर हुसैन SHABBIR HUSAIN है आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। **नवील अहमद पुत्र शब्बीर हुसैन निवासी एजाज नगर गौटिया, तहसील व जिला बरेली।**

सूचना
हमने अपने पुत्र अर्जुन पुत्रवधू रिंकी को गलत आचरण के पड़कर दुर्व्यव्हार करने के कारण चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है वे अपने गलत कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। **मोरकली पत्नी विजयपाल निवासी 188, नगरिया परीक्षित, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# जगह के विवाद में ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** जगह के विवाद में एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। गांव खनंका उचसिया निवासी ओमकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी की शाम छह बजे वह अपने जानवरों को चारा डाल रहे थे। इसी दौरान गांव के मोहनलाल, रोहित, रविंद्र सिंह आए और गाली गलौज करने लगे। जगह को खाली न करने पर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। शोर शराब होने पर जमा हुए ग्रामीणों ने बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2025-26 दिनांक : 10.03.2026

**नोटिस**

**(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम-04 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये दानपत्र बैनामा के द्वारा हस्तांतरण के आधार पर कॉलम-05 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है, यदि कॉलम संख्या-05 में अंकित व्यक्ति अपने नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 01 माह के अन्दर नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय-सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्न न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के गृहकर रजिस्टर में वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर लिया जायेगा।

| क्र.सं. | सम्पत्ति विवरण | हस्तांतरण प्रस्तावित सम्पत्ति वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता/दानकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उस व्यक्ति को गृहकर हेतु दर्ज किया जाना है | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गाटा सं.-138 मि. रकबा-120.86 वर्ग मी. | वार्ड नं.-02, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला-पीलीभीत | श्री भवेश कुमार विश्वास पुत्र स्व. श्री किरन विश्वास वार्ड नं.-02 नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला-पीलीभीत | श्रीमती रूपा विश्वास पत्नी भवेश कुमार विश्वास वार्ड नं. 02 नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला पीलीभीत | दानपत्र बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत — **अध्यक्ष**, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2026-628 दिनांक : 10 फरवरी 2026

**दुकान आवंटन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपमण्डी स्थल, रिछा की 02 ''अ'' श्रेणी की दुकान एवं 5 ''ब'' श्रेणी की दुकान, 03 ''स'' श्रेणी की दुकान तथा ए.एम.एच. राठ की 08 ''स'' श्रेणी की दुकानों का आवंटन/नीलामी दिनांक 09.03.2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे उपमण्डी स्थल, रिछा के सभाकक्ष में कराया जाना निर्धारित था, जो अपरिहार्य कारणें से निरस्त कर दी गयी है। उक्त दुकान आवंटन हेतु उपमण्डी स्थल, रिछा के सभाकक्ष में दिनांक 24.03.2026 समय अपरान्ह 11:30 बजे निर्धारित की गयी है। दुकान आवंटन हेतु नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगे।

(नरेन्द्र कुमार गंगवार) सचिव — (इशिता किशोर) सभापति/उपजिलाधिकारी

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांक: समग्र शिक्षा/13589-93/2025-26 दिनांक: 10.03.2026

**विज्ञप्ति सूचना**

एतद् द्वारा सूच्य है कि कार्यालय में शासकीय वाहन (जीप) संख्या UP24A8287 जो 28 वर्ष पुरानी है एवं निष्प्रयोज्य अवस्था में है। ARTO बदायूं द्वारा उक्त वाहन की स्क्रैप वैल्यू रू. 25000/- निर्धारित की है। उक्त जीप की नीलामी कार्यवाही दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 02 बजे BSA कार्यालय में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म को रू. 1000/- जमानत धनराशि (नकद/चैक) दिनांक 20.03.2026 की दोपहर 12 बजे तक जमा कर नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

वीरेन्द्र कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद-बदायूं

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2026-629 दिनांक : 10 मार्च 2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, बहेड़ी में स्थित कैण्टीन की नीलामी दिनांक 27.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे आगामी तीन वर्षो के लिए यथा-वर्ष 2026-27, वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के लिए मण्डी समिति कार्यालय में की जायेगी, जिसमें नीलामी की धनराशि में प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति रू. 25000.00 का एफ.डी.आर. जो मण्डी समिति, बहेड़ी के पक्ष में देय हो जमा करके नीलामी में भाग ले सकते है। अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

(नरेन्द्र कुमार गंगवार) सचिव — (इशिता किशोर) सभापति/उपजिलाधिकारी

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

## कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एजेकेशनल बिल्डिंग प्लान (एस.आर. मैमोरियल नर्सरी स्कूल), बरेली द्वारा श्री राजेश बाबू मौर्य पुत्र श्री स्व0 सेवाराम मौर्य, निवासी- प्राचीन गांधी नर्सरी, कर्मचारी नगर, बरेली द्वारा स्थल- ग्राम सैदपुर हाकिन्स, खसरा सं0-513 पार्ट, 517 पार्ट तथा 518 पार्ट, जिला-बरेली के क्षेत्रफल 1466.55 वर्गमी0 पर शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना 2031 के अनुसार स्थल का भू उपयोग उपनगर केन्द्र/ उप केन्द्रीय वाणिज्यिक में दर्शित है। उ0प्र0 के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम उपप्रस्तर- 5.1 के अनुसार स्थल तक पहुँच मार्ग न्यूनतम 09.00 मी0 होने पर उपनगर केन्द्र / उप केन्द्रीय वाणिज्यिक भू-उपयोग में शिक्षण संस्थान अनुमन्य है। स्थल के सम्मुख 09.50 मीटर चौड़ा मार्ग दर्शित है। आदर्श (मॉडल) जोनिग रेगुलेशन - 2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति / सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री मोहित कुमार ( प्रथम ) को प्राप्त करा सकते है । नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**उपाध्यक्ष**
**बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

## कार्यालय ग्रा.प. शिवनगर चिड़िया खेड़ा विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक : मिमो/निविदा विज्ञप्ति/2025-26 10.03.2026

**अल्पकालीन निविदा**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन,पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत, शिवनगर चिड़िया खेड़ा विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.03.2026को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | अन्त्येष्टि स्थल में अतिरिक्त कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | खेमकरन के घर से असरत के घर तक इंटरलॉक नाली नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 3. | ज्ञानचंद के घर से दरिया सिंह के घर तक इंटरलॉक नाली नि कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 4. | हैंड पंप रिबोर व मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 5. | प्रा. वि. सगवां में कायाकल्प कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 6. | पंचायत भवन का कायाकल्प कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव — प्रधान

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2025-26 दिनांक : 10.03.2026

**नोटिस**

**(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम-04 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्ट्री बैनामा के द्वारा हस्तांतरण के आधार पर कॉलम-05 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है, यदि कॉलम संख्या-05 में अंकित व्यक्ति अपने नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 01 माह के अन्दर नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय-सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्न न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के गृहकर रजिस्टर में वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर लिया जायेगा।

| क्र.सं. | सम्पत्ति विवरण | हस्तांतरण प्रस्तावित सम्पत्ति वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता/दानकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उस व्यक्ति को गृहकर हेतु दर्ज किया जाना है | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गाटा सं.-118 मि. रकबा-132.90 वर्ग मी. | वार्ड नं.-02, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला-पीलीभीत | श्रीमती चरनजीत कौर पत्नी कलविन्दर सिंह निवासी-आवास विकास कालोनी शहर व जिला शाहजहांपुर | श्री आशीष मौर्य पुत्र श्री संजय मौर्य निवासी गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला पीलीभीत | रजिस्ट्री बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत — **अध्यक्ष**, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता अमरिया

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में कंप्यूटर सामान की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सत्यपाल वर्मा पुत्र छोटेलाल गजरौला क्षेत्र के ग्राम नकटिया का रहने वाला बताया है। आरोपी की गिरफ्तारी दुकान से की गई। एसओ अमित सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी का सामान कस्बा अमरिया निवासी तस्लीम पुत्र फुन्दन से करीब 1500 रुपये में खरीदा था। आरोपी की निशानदेही पर दुकान से तीन टीएफटी मॉनिटर, तीन कीबोर्ड, दो माउस, दो एचडीएमआई केबल बरामद किए गए। आरोपी को जेल भेज दिया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत म्यूडी खुर्द कला, वि.ख. बिथरी चैनपुर जिला बरेली

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत म्यूड़ी खुर्द कला वि. खं. बिथरी चैनपुर में ग्राम निधि, राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, ओ.एस.आर. से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार सीलबंद निविदाएं दिनांक 15.03.2026 को दोपहर 03 बजे तक पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदांए निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 15.03.2026 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में सायं 4 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण इस प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से सुखराज सरदार जी के झाला तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 4 लाख |
| 2. | मेन रोड से मुशीलाल के फार्म तक सीसी रोड व पुलिया निर्माण कार्य | 4 लाख |
| 3. | मेन रोड से दुर्वेश के टयूबेल तक सीसी रोड व पुलिया निर्माण कार्य | 2 लाख |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत का होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

प्रधान-श्रीमती ववली देवी — सचिव-चन्द्रभान सिंह

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 711/12ए दिनांक: 28.02.2026

**अति अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्यूरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पीलीभीत बस्ती मार्ग से बेला जोगराजपुर हरनाई मार्ग (अजिमा) के चैनेज 0.00 से 9.30 किमी तक 14.50 से 15.50 किमी तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण काय पर सड़क सुरक्षा का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 20.10 | 2.01 | रू0 944.00 | 02 माह | श्रेणी-ए रोड साइनेज कार्य |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP-247839 दिनांक 10.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

## कार्यालय अधिशासीअभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 709/12ए दिनांक: 28/02/2026

**अति अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुरके अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत: अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदाप्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ग्राम टिकरी से बब्लू के मकान से सत्यपाल के मकान तक मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 10.00 | 0.25 | 10.25 | 1.03 | रू0 944.00 | 02 माह | (ए,बी, सी,डी) मार्ग कार्य |
| 2 | ग्राम टिकरी में राजकीय जूनियर हाईस्कूल से अम्बेडकर पार्क तक मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 11.00 | 0.27 | 11.27 | 1.13 | रू0 944.00 | 02 माह | (ए,बी, सी,डी) मार्ग कार्य |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247661 दिनांक: 09/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक: 1787/141सी0 (ई0 टेण्डर)-3/26 दिनांक: 27.03.2026

**अश्वन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आन लाइन ई-निविदा दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12: 00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.03.2026 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | टिकरी से घुसगवां मुख्य मार्ग से मंजीत सिंह के झाले तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य । (वित्तीय वर्ष 2025-26) | प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0, शाहजहांपुर | 70.00 | 5.30 | 75.30 | 5.77 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 2 | हनुमान मूर्ति शाहबाजनगर मार्ग से बेहटा रोड होते हुए बड़े मोहल्ले तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | | 128.00 | 6.20 | 134.20 | 8.71 | 2725.00 | 12 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |

निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247662 दिनांक: 09/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**(महेन्द्र कुमार पाल)** अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,शाहजहांपुर — **(प्रकाश चन्द्र)** अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

# अग्निवीर भर्ती में 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी आज लगाएंगे दौड़

● बरेली पहुंचे 12 जिलों से अभ्यर्थी, जाट रेजिमेंट में आयोजित होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट में आयोजित होने वाली सेना अग्निवीर भर्ती में 12 जिलों के 10741 अभ्यर्थी दौड़ लगाते हुए अपना दम बुधवार को दिखाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में चिनअप, शारीरिक परीक्षा में दौड़, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। अभ्यर्थियों को इसे पास करना होगा। इसके लिए सेना ने तैयारी पूरी कर ली है। भर्ती परीक्षा के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। सेना के मुख्य अधिकारियों ने ग्राउंड में पहुंच कर सभी व्यवस्थाओं को जांचा।

जाट रेजीमेंट सेंटर में 11 से 19 मार्च तक 12 जिलों के अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। 20-21 मार्च को सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल कराने के साथ 22-23 मार्च को उनके प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। भर्ती बोर्ड की ओर से जिलावार अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा के लिए दिन निर्धारित कर दिए गए हैं। एनसीसी की 21वीं यूपी बटालियन के बीएचएम (ड्रिल इंस्ट्रक्टर) नरपत बिश्नोई ने बताया कि इस भर्ती परीक्षा में शारीरिक परीक्षा में दौड़, चिनअप, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। 1600 मीटर दौड़ 5.51 मिनट में पूरे करने वाले अभ्यर्थी को पूरे 60 अंक मिलेंगे। समय के हिसाब से क्रमश 48, 36, 24 अंक मिलेंगे। चिनअप के लिए 40 नंबर का राउंड होगा। पूरे 10 चिनअप लगाने वाले को 40 अंक मिलेंगे। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को कक्षा-10 व 12 की मार्कशीट, ओबीसी प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र तैयार रखना होगा। लिखित परीक्षा से पहले इन्हें जमा करना होगा। अग्निवीर परीक्षा में बहराइच, बलरामपुर, सीतापुर और श्रावस्ती से 818, लखीमपुर खारी और पीलीभीत से 977, संभल और शाहजहांपुर से 1284, हरदोई 1005, फरुखाबाद से 1017, बदायूं से 1169, बरेली से 1014 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# रामपुर तिराहा कांड से जुड़े मामले में निर्णय सुरक्षित

**विधि संवाददाता, नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की अस्मिता से जुड़े बहुचर्चित रामपुर तिराहा कांड (मुजफ्फरनगर कांड) के लंबित वादों की शीघ्र सुनवाई करने को लेकर दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई के बाद मंगलवार को पुन: निर्णय को सुरक्षित रख लिया है। राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता रमन शाह की याचिका पर न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। इससे पहले पीठ ने इसी मामले में पिछले साल 09 सितंबर, 2025 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था लेकिन 12 दिसंबर, 2025 को अदालत ने इसे आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। इसी क्रम में मंगलवार को याचिकाकर्ता, सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से अंतिम रूप से अपना पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता रमन साह ने बताया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में एकलपीठ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार से मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े सीबीआई कोर्ट में लंबित वादों की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े छह वाद देहरादून से मुजफ्फरनगर की सीबीआई अदालत को स्थानांतरित कर दिए गए हैं। दो मुकदमे विचाराधीन हैं जबकि दो वाद आरोपियों की मृत्यु के चलते शून्य हो गए हैं। दो मुकदमों से संबंधित फाइलें गायब हैं। इनमें मुजफ्फरनगर कांड के मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह से जुड़ा मामला भी शामिल है।

### कारीगर समेत 3 का चालान

**बरखेड़ा।** कस्बा निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह कस्बे में ब्लॉक तिराहे पर स्थित एक मिठाई की दुकान पर कारीगरी करता है। रविवार सुबह दुकान पर काम कर रहे थे। उसी दौरान कस्बे के दो लोग दुकान पर आए और बाइक चढ़ाने की कोशिश की। विरोध करने पर दुकान में घुसकर मारपीट की। घटना सीसीटीवी मे कैद हो गई थी। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से तीन युवकों को पकड़कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

## सम्मन मुद्दालय

**व अदालत उपजिलाधिकारी फरीदपुर जिला बरेली**
**मुकदमा नं. सन्**
**सोहन लाल आदि बनाम वीरपाल आदि बनाम**

1. वीरपाल पुत्र टोडी उर्फ मुन्ना लाल

2. सतीश कुमार पुत्र राधेश्याम 3. (1) खैरूनिशा पत्नी मुन्ने अली (2) सलीम पुत्र मुन्ने अली (3) इस्लाम साबिर पुत्र मुन्ने अली समस्त निवासी ग्राम जिही तहसील फरीदपुर जनपद बरेली 4. श्रीमती दिलवरी पत्नी जाबिर हुसैन निवासी ग्राम मल्हपुर परगना व तहसील फरीदपुर जनपद बरेली।

चूंकि मुसम्मी सोहन लाल आदि ने आपके नाम एक नालिस वास्ते 33/39 L.R. Act./38 U.P.R.C. के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 11.03.2026 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो मय कागजात हाजा फैसला होगा। आज व तारीख 27.02.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी फरीदपुर जिला बरेली**

# वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग में एमजेपीआरयू को देश में 262वां स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वैश्विक शैक्षणिक क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। स्पेन की साइबरमेट्रिक्स लैब से जारी वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज 2026 में विश्वविद्यालय ने भारत में 262वां और एशिया में 1650वां स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में विश्वविद्यालय का 6वां स्थान है। यह रैंकिंग विश्वविद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति, शोध प्रकाशनों के प्रभाव, अकादमिक सामग्री की गुणवत्ता और वेब पर उपलब्ध ज्ञान संसाधनों जैसे मानकों के आधार पर तैयार होती है। वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग में विश्व के शीर्ष संस्थान जैसे हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी भी शामिल हैं।

## नोटिस

नोटिस मिनजानिब दिनेश सिंह बेनीवाल पुत्र श्री गजेन्द्र सिंह 26, ए आजादनगर बरेली द्वारा अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह एडवोकेट चैम्बर नं. 30 ट्रेजरी रोड कचहरी बरेली नोटिस देहान्ता एवं श्री हरीशलाल पुत्र रतन लाल 186, आई.आई.एम.एस. सिविल लाइन्स, निकट हेड पोस्ट आफिस बरेली

नोटिस प्राप्तकर्ता बहरद हिदायत उपरोक्त दिनेश सिंह बेनीवाल के निर्देशानुसार आपको नोटिस दिया जाता है

1. मेरे मुवक्किल द्वारा अपना वाहन संख्या UP25ET4110 दीपक निवासी आजाद नगर, बरेली के माध्यम से, अपना वाहन संख्या UP25ET4110 का मौखिक विक्रय करार Rs.350000/- में हुआ था, आपने रू. 20000/- अग्रिम रूप से दिये थे जिसमें से रू. 15000/- दीपक निवासी आजादनगर बरेली को रोड टैक्स जमा करने हेतु दे दिये थे। आप दिनांक 14.09.2025 को, मय चाबी, कार पंजीकरण संख्या UP25ET4110 ले गये। मेरे मुवक्किल से दिनांक 07.01.2026 को, कार पंजीकरण संख्या UP25ET4110 ले गये। मेरे मुवक्किल से, दिनांक 07.01.2026 को, कार पंजीकरण संख्या UP25ET4110 का, अपने नाम ट्रान्सफर करा ली। उसके बाद आपने दिनांक 12.01.2026 को एक चैक संख्या 623024, खाता संख्या 41110001000 65018 पंजाब नेशनल बैंक, डी.सी एस.एस., कचहरी बरेली का दिया था, जिसे मेरे मुवक्किल द्वारा दिनांक 10.02.2026 को बचत खाता संख्या 61340001000 68214, पंजाब नेशल बैंक, पीलीभीत बाई पास रोड, बरेली पर लगाया गया जो दिनांक 10.02.2026 को, आपके खाते में पर्याप्त धनराशि ना होने के कारण बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया जिसकी सूचना आपको दी गयी लेकिन आपने कोई उत्तर नहीं दिया।

2. यह कि आपकी नीयत में खोट है और आप मेरे मुवक्किल को, कार विक्रय के बकाया धनराशि रू. 330000/- नहीं देना चाहते है। आपके द्वारा मेरे मुवक्किल को धोखा दिया है। अत: आपको उक्त नोटिस के द्वारा आग्रह किया जाता है कि नोटिस प्राप्ती के 15 दिन के भीतर, मेरे मुवक्किल को बकाया धनराशि रू. 330000/- अदा कर दें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। समस्त हर्जे व खर्चे के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। ताकीज जानिए, फकत।

दिनांक : 10.03.2026 **गजेन्द्र सिंह, एडवोकेट**
**रजि. नं. 7475/2001 मो. 9412603875**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 710/12ए दिनांक 28.02.2026

**अति अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्यूरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद शाहजहांपुर में गोला शाहजहांपुर मार्ग से बिलरिया बसुलिया महाद महेश होते हुये मुड़िया पवार कोटावारी मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पर सड़क सुरक्षा का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 20.20 | 2.02 | रू0 944.00 | 02 माह | श्रेणी-ए रोड साइनेज कार्य |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP-247836 दिनांक 10.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक : 729/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 9.3.2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से जनता को शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर की बोरिंग अधिष्ठापन कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी सीलबंद निविदाएं दिनांक 17.3.26 को समय दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में आमंत्रित की जायेगी। इच्छुक समस्त ठेकेदार/फर्मो/संस्थाओं को नगद मूल्य जमा करके निविदा प्रपत्र दिनांक 16.3.26 तक समय 3:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर से क्रय कर सकते है। निविदा दिनांक 17.3.26 को समय सायं 4:00 बजे निविदादाताओं एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थित में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी 02 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाटर कूलर की बोरिंग अधिष्ठापन कार्य हेतु यूनिट लागत, केसिंग विधि द्वारा प्रकल्प दरों के अनुसार (3 नग) | 231057/- | 4621/- | 250/- | 15 दिन |

**शर्तें :-**

1. पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा 14वां वित्त/15वां वित्त/अन्य मद से लिये गये कार्यो को समय सीमान्तर्गत पूर्व में पूर्ण नहीं कराया गया है वह ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र नहीं होंगे। निविदा में प्रतिभाग करने वाले ठेकेदार को 03 दिवस के भीतर पालिका में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा,अन्यथा ठेकेदार की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी के नाम से बंधक होगा। निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा एवं निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा मूल्य कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर की बैंक आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSCICIC0003210 में जमा करना होगा या पालिका में नगद जमा कर रसीद की मूल प्रति लगानी होगी।
4. निविदा में व्यवहारिक होना अनिवार्य है प्रतिस्पर्धा की स्थिति में गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए अव्यवहारिक दरें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
5. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा की स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी।
7. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। किसी कारणवश यदि निविदा निरस्त होती है तो उस दशा में निविदा मूल्य वापस नहीं होगा।
8. वाटर कूलर बोरिंग अधिष्ठापन कार्य हेतु उच्च क्वालिटी के सामान का प्रयोग करना होगा।
9. इंडिया मार्क द्वितीय हैण्डपम्प की गुणवत्ता का सत्यापन जल निगम से होने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा।
10. एक वर्ष तक यदि उक्त कार्य में कोई कमी पाई जाने पर ठेकेदार द्वारा उसको दुबारा सही कराना होगा।
11. बोर की गहराई 60 फिट से कम नहीं होनी चाहिए।
12. पानी का सेंपल कराकर प्रस्तुत कराना होगा
13. ठेकेदार को अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, टिन नंबर, जी.एस.टी. नंबर, ई.पी.एफ. में रजिस्ट्रेशन आदि प्रमाण पत्र निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा। ठेकेदार को लगाये गये श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन ई.पी.एफ. कार्यालय में कराना होगा एवं ई.पी.एफ. की रसीद पालिका में प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।

**अधिशासी अधिकारी**, नगर पालिका परिषद बीसलपुर — **अध्यक्ष**, नगर पालिका परिषद बीसलपुर

## न्यूज ब्रीफ

### उप्र. उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली, 1975 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (अठारहवां संशोधन) नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके तहत भर्ती, कोटा और चयन प्रक्रिया से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। संशोधन के अनुसार भर्ती के स्रोत से जुड़े नियम-5, कोटा से संबंधित नियम-6, चयन प्रक्रिया से जुड़े नियम-18, पदोन्नति से संबंधित नियम-20, नियुक्ति से जुड़े नियम-22 और परिशिष्ट-1 में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी। वहीं सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें वही सिविल जज शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने उस पद पर कम से कम तीन साल की सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में कम से कम सात साल की सेवा पूरी की हो। इसके अलावा अधिवक्ताओं (बार) से सीधी भर्ती का कोटा पहले की तरह 25 प्रतिशत ही रहेगा।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या के चक नंबर-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि के सात गाटा नंबर (1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 मि. और 1035) कुल लगभग 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को अयोध्या म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यह भूमि कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नगर निगम अयोध्या को निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

### मेरठ में बनेगा समेकित विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिमंडल बैठक में अटल औद्योगिक आधारभूत संरचना मिशन के तहत जनपद मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के लिए आधारभूत विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। इन कार्यों पर लगभग 213 .81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) द्वारा विकसित एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे) के किनारे 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेरठ नोड में सड़क निर्माण, आरसीसी नालियां, आरसीसी कल्वर्ट, अग्निशमन केंद्र, भूमिगत जलाशय, जलापूर्ति लाइन, घेराबंदी, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक औद्योगिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 की नई नीति मंजूर


## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास (एएचपी) और किफायती किराया आवास (एआरएच) घटकों के क्रियान्वयन के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को शहरों में किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं परियोजनाओं में शामिल डेवलपर्स को भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, मानचित्र स्वीकृति शुल्क और वाह्य विकास शुल्क में छूट दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी।

किफायती किराया आवास (एआरएच) मॉडल-2 के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों तथा ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के परिवारों के लिए निजी व सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास विकसित किए जाएंगे।



यूपी कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### मंत्रिपरिषद से पास अन्य प्रमुख प्रस्ताव

- निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत बड़े निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन
- उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली-1975 में संशोधन
- टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति-2022 में संशोधन
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी परियोजनाओं का विस्तार
- उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- खनिजों की ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म प्रदाता नामित
- यूपी क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े शुल्क निर्धारण संशोधन
- यूपी पावर कॉरपोरेशन को ऋण सुविधा की स्वीकृति
- पीएसी के लिए 46 नए वाहनों की खरीद
- लखवार और रेणुका बांध परियोजनाओं में यूपी के अंशदान को मंजूरी
- भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम में संशोधन
- अयोध्या में सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण
- जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए अतिरिक्त राज्यांश की स्वीकृति

### कांशीराम आवासों से हटेगा अवैध कब्जा

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिसूचित न होने के बावजूद कैबिनेट में कांशीराम आवास योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के तहत बने आवासों पर अनधिकृत कब्जे हटाकर उन्हें मरम्मत के बाद पात्र दलित परिवारों को पुनः आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

### कर्मचारियों के निवेश व संपत्ति नियम सख्त

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली-1956 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। अब यदि कोई कर्मचारी छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश करता है तो इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने पर भी सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा।

### आठ नए शहरों को पहले चरण में 425 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों के विकास के लिए 425 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए नए शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करना तथा लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए सीड कैपिटल के रूप में यह धनराशि जारी की जाएगी। योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले खर्च का अधिकतम 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराती है, जिसे अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए कुल 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से पहले चरण में 425 करोड़ जारी किए जाएंगे।

# विकास प्राधिकरणों के डिफॉल्टरों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18,982 डिफॉल्टर मामलों में 11,848.21 करोड़ रुपये का बकाया

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया राशि की वसूली करना और डिफॉल्टर आवंटियों को बकाया चुकाने का अवसर देना है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि विभिन्न विकास प्राधिकरणों और संबंधित संस्थाओं में संपत्तियों से जुड़े 18,982 डिफॉल्टर मामलों में करीब 11,848.21 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े 545 मामलों में लगभग 1,482.10 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इन बकाया रकम की वसूली के लिए ओटीएस योजना लाई गई है। योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक और अन्य आवंटित संपत्तियों के साथ नीलामी या आवंटन पद्धति से दी गई संपत्तियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों, स्कूलों, चैरिटेबल संस्थाओं और अन्य संगठनों को आवंटित संपत्तियां तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर मामले भी योजना के दायरे में आएंगे।

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना के लिए आवेदन की अवधि तीन माह होगी और प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था के अनुसार 50 लाख रुपये तक की देय राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और शेष दो-तिहाई तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी दो-तिहाई तीन द्विमासिक किस्तों में छह माह के भीतर जमा करना होगा।

सरकार का मानना है कि इस योजना से डिफॉल्टरों को राहत मिलेगी और विकास प्राधिकरणों व आवासीय संस्थाओं की बड़ी राशि की वसूली संभव हो सकेगी।

## राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026" को मंजूरी दे दी गई।

- शिकायत निस्तारण और निगरानी तंत्र होगा और प्रभावी

नई नियमावली लागू होने के बाद राज्य और जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य और जिला स्तर पर परिषदों का गठन किया जाता है, जो उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों, शिकायतों और नीतिगत सुझावों पर सरकार को सलाह देती हैं। नई नियमावली के माध्यम से परिषदों के गठन, सदस्यों की नियुक्ति, बैठक की प्रक्रिया और कार्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। नियमावली के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद की अध्यक्षता राज्य सरकार द्वारा नामित मंत्री करेंगे, जबकि परिषद में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सदस्य शामिल किए जाएंगे।

# ग्रीनपार्क के शुल्क की नई दरें तय

## यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के साथ लीज अनुबंध में संशोधन को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले कुछ क्रिकेट आयोजनों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन करते हुए प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के साथ हुए 30 वर्षीय लीज अनुबंध में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत यूपी टी-20 लीग के लिए प्रति मैच प्रतिदिन 2.50 लाख रुपये और भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिदिन शुल्क तय किया गया है।

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन शुल्कों में हर पांच वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस संशोधन से ग्रीनपार्क में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और उभरते खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकेंगे। ग्रीनपार्क स्टेडियम को अप्रैल 2015 के शासनादेश के तहत यूपीसीए को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया था। उस समय हुए अनुबंध में प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित यूपी टी-20 लीग या भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए शुल्क का स्पष्ट प्रावधान नहीं था।

इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने कानपुर मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने 30 दिसंबर 2025 को अपनी रिपोर्ट में इन आयोजनों के लिए अलग शुल्क निर्धारित करने का सुझाव दिया था। सरकार ने खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूपी टी-20 लीग के लिए 2.50 लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क तय किया है, जो अन्य आयोजनों के लिए निर्धारित 25 लाख रुपये के शुल्क की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत कम है। वहीं भारत-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### कानपुर में गंगा पर नए सेतु के निर्माण को 460 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में कानपुर में गंगा नदी पर नया सेतु बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह सेतु ट्रांसगंगा सिटी को शहर से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया जाएगा। परियोजना का निर्माण अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कराया जाएगा। प्रस्तावित परियोजना के तहत गंगा नदी पर चार लेन का उच्च स्तरीय पुल तथा उससे जुड़े पहुंच मार्गों का निर्माण किया जाएगा। जिस स्थान पर यह सेतु बनाया जाएगा, वहां उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) ट्रांसगंगा सिटी विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर और आसपास की कई औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित करने की योजना है। परियोजना की कुल लागत लगभग 753 .13 करोड़ निर्धारित की गई है। इसमें से 460 करोड़ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष राशि संबंधित प्राधिकरण अपने संसाधनों से खर्च करेगा।

# उच्च शिक्षा के शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से प्रदेश के दो लाख से अधिक शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, जिसे अब कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक और राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। योजना के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी सरकारी और संबद्ध निजी अस्पतालों में नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## 215 करोड़ के निवेश से मेडिकल डिवाइस पार्क को मिलेगी गति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने टीआई मेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भूमि सब्सिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कंपनी गौतमबुद्ध नगर में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 215.20 करोड़ रुपये का निवेश कर चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना राज्य की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत प्रस्तावित है।

# सिखों के विवाह पंजीकरण के लिए नई नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में सिख समुदाय के विवाह पंजीकरण को सरल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आनंद विवाह रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई। नई नियमावली के लागू होने से सिख धर्म में प्रचलित आनंद कारज विवाह का पंजीकरण अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत आसानी से कराया जा सकेगा।

यह नियमावली आनंद मैरिज एक्ट-1909 (संशोधित 2012) की धारा-6 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त अधिकारों के आधार पर बनाई गई है। साथ ही यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट में दायर अमनजोत सिंह चड्ढा बनाम भारत संघ व अन्य मामले में 4 सितंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण की व्यवस्था तहसील से लेकर राज्य स्तर तक तय की गई है। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को रजिस्ट्रार, जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को जिला रजिस्ट्रार, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त को मंडलीय रजिस्ट्रार और राज्य स्तर पर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ को मुख्य रजिस्ट्रार नामित किया जाएगा।

विवाह के पक्षकार या उनके रिश्तेदार विवाह संपन्न होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 1500 रुपये के न्यायालय शुल्क स्टाम्प के साथ आवेदन देना होगा। निर्धारित समय के बाद भी आवेदन किया जा सकेगा, लेकिन इसके लिए नियमानुसार विलंब शुल्क देना होगा। नियमावली में अपील की व्यवस्था भी की गई है।

# दो राष्ट्रीय सिंचाई परियोजनाओं में 717.11 करोड़ खर्च करेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखवार और रेणुकाजी बांध परियोजनाओं में यूपी की हिस्सेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं लखवार बहुउद्देशीय परियोजना और रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की वित्तीय हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई। इन दोनों परियोजनाओं में राज्य सरकार कुल 717.11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। कैबिनेट ने उत्तराखंड के देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिले में यमुना नदी पर बन रही लखवार बहुउद्देशीय परियोजना में उत्तर प्रदेश के हिस्से के रूप में 356.07 करोड़ रुपये खर्च करने को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के तहत 204 मीटर ऊंचा बांध, 300 मेगावाट क्षमता का भूमिगत बिजलीघर और बैराज का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना से लाभार्थी राज्यों के लगभग 33,780 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गिरी नदी पर बन रही रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी के रूप में 361.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना में 148 मीटर ऊंचा बांध बनाया जा रहा है और इससे 40 मेगावाट बिजली उत्पादन भी प्रस्तावित है।

इन दोनों राष्ट्रीय परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश को कुल 3.721 बीसीएम अतिरिक्त जल प्राप्त होगा।

समीक्षा

परियोजनाओं में समयसीमा, गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री

# एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि खरीद में लाएं तेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रस्तावित और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि क्रय प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।



समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे और जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिजवे निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर एक्सप्रेस-वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार किया जाए। साथ ही मेरठ से हरिद्वार तक इसके संभावित विस्तार पर भी कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जून माह तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपॉवर लगाने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया।

# नोएडा एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम योगी को सौंपा गया दस्तावेज जल्द तय होगी उद्घाटन तिथि

**अमृत विचार:** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस उन्हें प्रस्तुत किया।

एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी दी। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ अब एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों के अनुसार एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम फिलहाल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह अंतिम मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।

## 6500 से अधिक संविदा चालकों-परिचालकों की भर्ती इसी माह : दयाशंकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत से संविदा पर 3060 चालकों एवं 3614 परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती की कार्यवाही शुरू है। चालकों परिचालकों की भर्ती से बसों के संचालन में और सुधार होगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि संचालन में सुधार लाया जाए। जिन क्षेत्रों में बसों के संचालन में एवं आय में कमी की शिकायत पायी जाएगी, उस क्षेत्र के आरएम/ एआरएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।

–विनोवा भावे, संत

## तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

### प्रसंगवश

## दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।



अतुल गोयल

लेखक

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी





दिग्विजय सिंह

कानपुर

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कपंनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।


उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

### आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।

–डोनॉल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।

–मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई



राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

### सोशल फोरम

## रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।

बीएन थॉट

ब्लॉगर

न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?



डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका

संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और



परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

**अनोखी परंपरा**

## तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम



राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

**आर्ट गैलरी**

## हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

**लोकायन**

## कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





## प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 11 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2475, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2550, रविन्द्रा 2440, फॉर्चुन 13kg 2260, जय जवान 2095, सचिन 2200, सूरज 2095, अवसर 2040, उजाला 2090, गृहणी 13 kg 2025, क्लासिक (kg) 2350, मोर 2300, चक्र टिन 2445, ब्लू 2275, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2430

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल** – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** – पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम :** सोना–पक्के आभूषण 162500, सोना गिन्नी 158500, चांदी (पक्की) 2750 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है। कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।




इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

## निफ्टी भी 233.55 अंक चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध जल्दी खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।



सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

**मुंबई, एजेंसी**

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

# बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ग्राउंड रेंट कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को ड्वेल टाइम कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले रीफर (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

**अच्छी खबर** | रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

# अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।




क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत गके रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

# 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

# सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 'प्राथमिकता क्षेत्र-2' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।



मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### राजौरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर, घुसपैठ की कोशिश विफल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर नौशेरा सेक्टर में झंगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सतर्क सैनिकों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी को मार गिराया गया और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी गई।

## कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

- घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।

## तेल संकट की आहट



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# नाम हटाने के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए न्यायाधिकरण बनाने का आदेश

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, निर्वाचन आयोग को अधिसूचना जारी करने का निर्देश

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं। शीर्ष कोर्ट ने इसके साथ निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा



कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती।

### चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा

भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## ममता बनर्जी ने खत्म किया धरना

- सुप्रीम कोर्ट के मतदाता सूची पर अपीलीय अधिकरण बनाने के आदेश का स्वागत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया। कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के संबंध में अपीलीय अधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध को अस्थाई रूप से स्थगित किया जा रहा है।

धरना ऐसे दिन खत्म हुआ, जब निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए अपना दो दिवसीय दौरा समाप्त किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलीय अधिकरण के गठन के कदम का स्वागत करते हुए ममता ने कहा कि वह दरवाजा अब खुल गया है जिसे निर्वाचन आयोग ने बंद किया था। उन लोगों के लिए आशा की एक नई किरण जगी है, जिनके नाम एसआईआर के तहत 'तार्किक विसंगति' के कारण हटा दिए गए थे या विचाराधीन थे।

## विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में रही है भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**



- प्रिटोरिया में उद्योग जगत और शिक्षाविदों की बैठक में बोले दक्षिण अफ्रीका के मंत्री

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीतिनिर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है।

गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा, प्रमुख शक्तियों की ओर से आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की उसकी योजनाओं पर मंत्री ने कहा कि भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा, भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाय एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की उस व्यवस्था में भारत एक सहायक भागीदार के रूप में उभरा था।

## चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

- शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

## ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

## मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को



**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।

पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** — आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृष** — आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**धनु** — आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** — आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।

**मकर** — आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**सिंह** — आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**कुंभ** — आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या** — आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04 .19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22 .00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी** | आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।

रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

## एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।



"मुझे अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। मंगलवार को पटना लौटने पर इशान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी बेहतर खेलते रहेंगे और जीतेंगे भी। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं। –इशान किशन


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 11 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

### गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद, एजेंसी :** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।



फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतर्राष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं।

### अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, एजेंसी :** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।



### मैनचेस्टर सिटी-लिवरपूल आमने-सामने होंगे

**लंदन, एजेंसी :** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा।

## विश्व कप फुटबॉल स्थगित करना आसान नहीं: शिर्गी

**डलास, एजेंसी**

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा कि अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही। विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।

## सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय) क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



- टूर्नामेंट में संजू ने भारत के नौ में से पांच मैच ही खेले

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार हासिल किया था उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई

## पुरस्कार की राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ व सहयोगी स्टाफ को मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विशेष बोनस के रूप में 131 करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि घोषित की है। यह राशि आईसीसी की ओर से प्रदत्त लगभग 27.48 करोड़ रुपये (30 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि के अतिरिक्त है।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है।

सूत्रों के अनुसार15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपये सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है । भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है। भारत ने खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किये। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाकर किसी एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।



टी-20 विजेता भारतीय टीम की बल्ले-बल्ले। जीत के साथ साथ खिलाड़ियों के चेहरे पर झलक रही ईनाम पाने की खुशी। • एजेंसी

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी

**वेलिंगटन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। ऑस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं।

टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिलाओं को उनके होटल से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बर्क ने कहा कि मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। बर्क ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक नया जीवन शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई थी।



ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वालीं ईरान की पांच फुटबॉलर। एजेंसी

## एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा : सूर्यकुमार

**मुंबई, एजेंसी**

**भारत** को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के दो दिन बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह देश को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर है जबकि भारत ने यह खिताब अपने नाम किया। वह अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बन गई है।

अहमदाबाद से लौटने के तुरंत बाद सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पीटीआई वीडियो से कहा कि 2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा कि उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा। रोहित उस समय कप्तान थे जब भारत ने जून 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था।



कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था, जो देश के लिए पहला बड़ा खिताब था। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले धोनी से बात की थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने टूर्नामेंट से पहले उनसे (धोनी) मुलाकात की थी और उन्होंने मुझे आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का तरीका बताया था। उन्होंने कहा था कि हमारी टीम अच्छी है, हमें बस हिम्मत रखनी होगी और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। जीत के बाद उनकी प्रतिक्रिया शानदार थी। पूरा भारत इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है। भारतीय टीम ने भी रविवार की पूरी रात को जश्न मनाया।

सूर्यकुमार ने कहा कि विश्व चैंपियन बनने के बाद उस रात हमने जो जश्न मनाया काश उसे मैं सबके साथ साझा कर पाता। हमने बहुत अच्छा समय बिताया और हम सुबह आठ बजे तक जागते रहे। सूर्यकुमार को अब 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का इंतजार है।

### आईसीसी की बैठक रद्द हुई

**दुबई, एजेंसी :** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फ़ाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ये बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफ़िकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं।

## रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा भावुक पोस्ट, पिता को किया याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है।

रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था। बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की कोशिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि ज़िंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी ज़रूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फ़र्ज़ सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते। हर छोटी बड़ी ख़ुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज़्यादा। टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए। इस साल अब तक खेले गए 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रिंकू ने आठ पारियों में 115 रन बनाए हैं।



पिता के साथ रिंकू सिंह। (फाइल फोटो)

## वेस्टइंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी:** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है।

टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।

तैयारी

चोट और थकान से उबरने के बाद रणनीति पर फिर से कर रहे विचार

## लक्ष्य सेन का ध्यान अब बड़े टूर्नामेंटों पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मिली शिकस्त से थोड़े निराश भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्वीकार किया है कि आधुनिक पुरुष एकल मुकाबलों की बढ़ती शारीरिक मांगों के कारण उन्हें अपनी रिकवरी (चोट और थकान से उबरने की प्रक्रिया) और तैयारी की रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। लक्ष्य दूसरी बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे।

उन्होंने बर्मिंघम में शारीरिक तौर पर थका देने वाले सप्ताह के दौरान कई कड़े और अधिक समय वाले मुकाबले खेले। उन्हें फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के इस 24 साल के खिलाड़ी ने कहा कि कुल मिलाकर यह सप्ताह अच्छा लेकिन भावनात्मक रहा। दूसरी बार फाइनल में पहुंचकर भी खिताब नहीं जीत पाना मैच के बाद थोड़ा निराशाजनक लगता है। पूरे टूर्नामेंट को देखें तो कुछ अच्छी जीत मिलीं, अच्छा अभियान रहा और जिस तरह मैंने मैच खेले, उससे आने वाले टूर्नामेंटों के लिए उम्मीदें बनी हैं।

लक्ष्य ने इस सप्ताह कोर्ट पर पांच घंटे से अधिक समय बिताया। इसमें एक बेहद कठिन सेमीफाइनल भी शामिल था। इस मुकाबले में उन्हें गंभीर ऐंठन से जूझना पड़ा। इसके बाद फाइनल में उन्हें करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मैच और टूर्नामेंट अब बहुत ज्यादा शारीरिक हो गए हैं और उम्र के साथ भी फर्क पड़ता है। मेरा मतलब है कि अब मैं 20 साल का नहीं रहा कि उतनी तेजी से रिकवर कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि मेरी उम्र काफी बढ़ गयी है, लेकिन तैयारी, अगले मैचों के लिए रिकवरी और खासकर डाइट (आहार) को लेकर बदलाव करने पड़ते हैं। जब मैं 21–22 साल का था तो जो भी खाता था, उससे वजन नहीं बढ़ता था। इस सत्र में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को प्रमुख आयोजन बताते हुए लक्ष्य ने कहा कि अब वह अपनी टीम के साथ मिलकर ऑल इंग्लैंड अभियान का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों इस साल के बड़े टूर्नामेंट हैं जिनमें मैं खेलूंगा। मैं अपनी टीम के साथ बैठकर विस्तार से विश्लेषण करूंगा कि ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट कैसा रहा और पिछले कुछ महीनों में अभ्यास कार्यक्रम कैसा रहा। लक्ष्य ने कहा कि इसके बाद कोर्ट पर खास तौर पर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा और पूरे सत्र में फिट रहने पर ध्यान दूंगा क्योंकि आगे कई बड़े टूर्नामेंट हैं।





एक मैच में शटल को रिटर्न करते लक्ष्य सेन। • एजेंसी

## वनडे सीरीज में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे लिटन दास

**ढाका, एजेंसी :** बंगलादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे।



लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है।